जाकर, बताओ

बताये, और छोटी बहन वहाँ पर पीछे, मैं सोचता हूँ कि यह उस गीत को व्यक्त करता है:

> ओह, परमेश्वर का प्रेम, कितना भरपूर और शुद्ध है!
> कितना गहरा और अत्याधिक!

यह हमारे लिए क्या ही दिन है! आइए बस शांतिपूर्णक, अपने सिर को झुकाकर, प्रार्थना से ठीक पहले इसे प्रभु के लिए गाएं। बस, टेडी, यदि तुम चाहो तो हमें थोड़ा गीत का स्वर देना। और आइये इसे गाते हैं... प्रार्थना से ठीक पहले सिर झुकाये हुए, आंखों को बंद करके।

> ओह, परमेश्वर का प्रेम, कितना भरपूर और शुद्ध है!
> कितना अपार और अत्याधिक!
> यह हमेशा के लिए होगा... [टेप पर खाली जगह—सम्पा।

2 यदि स्याही, सारा पानी स्याही में बदल जाए, और सारा आकाश चमड़े का कागज का बन जाये, और धरती पर की हर एक डंठल एक कलम, और हर एक मनुष्य व्यवसाय से लेखक बन जाए, फिर भी यह आदम की गिरी हुई जाति परमेश्वर के प्रेम को व्यक्त नहीं कर सकती। हम आपको धन्यवाद देते हैं, पिता, प्रभु यीशु के उस बहुमूल्य लहू के लिए, और पुनरुत्थान की उस यादगार सुबह के लिए, और आपका छुड़ाने वाला प्रेम जो पवित्र आत्मा के द्वारा आज हमारे हृदय में बहाया गया है। जो हमें उसके साथ एक संगति में लाता है, उस एक दैविक, सृष्टिकर्ता के साथ। धरती पर हमें एक भाईचारे में लाता है, जिसे कभी भी पार नहीं किया गया है। ना कोई लॉज, ना कोई प्रतिज्ञा, ना ही कभी भी हो सकता है, कभी भी फिर से जन्म पाए स्त्री-पुरुषों के भाईचारे के साथ तुलना की जाये। और हमेशा के लिए संत और दूतों का गीत होगा!

3 हम आज प्रार्थना करते हैं कि आप वह सब कुछ आशीष दे जिसे हम व्यक्त करने की कोशिश में करते हैं, हमारे हृदय में हमारे—हमारे आभार जो आपके प्रति है, जो कुछ आपने हमारे लिए किया है, उसके लिए। यह जानकर कि उस सुबह न ही केवल चेलों का हृदय प्रसन्न हुआ, मरियम

और मरियम मगदलीनी का, लेकिन हम भी, जो आज आपके चेले है, जब हम पाते हैं कि वह मरा नहीं है, लेकिन जीवित है, तो हमारा ह्रदय प्रसन्न हो जाता है। होने पाए वह हमारे ह्रदय में, हमारे बीच हमेशा जीवित रहे। हम यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

वहां पुनरुत्थान को व्यक्त करने वाला कभी कोई भी नहीं हो सकता है!

4 अब, इस पुनरुत्थान की सुबह, कलीसिया में होने वाली छोटी–छोटी चीजों के लिए यह एक बहुत ही शानदार समय है, जो कि माताएं अपने बच्चों को समर्पित करने जा रही हैं। ये कुछ तो नया है, जो उनके घर में जुड़ गया है। उनके लिए कोई नयी आशीष आयी है। और वे, इसके बदले में, इसे परमेश्वर को देना चाहते हैं।

5 और उसके बाद, वो—वो सुबह का संदेश होगा, हम बीमारों के लिए प्रार्थना करने जा रहे हैं, कि आप अपनी बीमारी से, नये स्वास्थ्य में, पुनरुत्थीत हो जायेंगे। तब उसके तुरंत बाद, उन लोगों के लिए जिन्होंने बपतिस्मा नहीं लिया है, हम उसका पुनरुत्थान करने जा रहे हैं; पानी में दफ़न होना, जीवन के नयेपन की ओर जिलाने के लिए। ये आज सुबह पूरी तरह से पुनरुत्थान है, पुनरुत्थान! हमारा ह्रदय आनंदित और हल्का हो गया है, जैसे हम गीत को गाते हैं और दूसरों की गवाहीयों को सुनते हैं, इस अद्भुत पुनरुत्थान की सुबह। और हम बाहर की ओर देखते हैं और देखते हैं कि परमेश्वर इससे प्रसन्न हैं, पेड़ फिर से जीवित हो रहे हैं।

6 कुछ समय पहले, वहां केंटकी में, श्रीमान वुड और मैं गिलहरी का शिकार कर रहे थे, और हम एक व्यक्ति के घर गए। वो व्यक्ति हो सकता है ठीक अभी बैठा हुआ हो, जहाँ तक में समझता हूँ। और सोचता हूँ वो अविश्वासी था। और भाई वुड ने उससे पूछा, कहा, “क्या मैं आपके स्थान पर गिलहरी का शिकार कर सकता हूँ? ”

उसने कहा, “हाँ, वुड, तुम गिलहरी का शिकार कर सकते हैं। वहां पीछे जाकर।”

उसने कहा, “तो ठीक है, मैं अपने पास्टर को साथ ले आया हूँ।”

7 और उसने कहा, “वुड, क्या तुम्हारा मुझे बताने का मतलब ये नहीं है कि तुम इतने नीचे जा चुके हो कि तुम्हें हर समय एक प्रचारक को साथ लेकर चलना पड़ता है!”

8 और सो उसने मुझे अपने पास बुलाया कि—कि मेरा परिचय कराये। और उस व्यक्ति ने कहा था कि वह बल्कि एक तरह का कठोर व्यक्ति था। उसे दूसरों ने बताया था, लेकिन वह ऐसा कुछ भी नहीं देख सका था कि उसे विश्वास करने को लगाये।

9 और वहाँ पर एक सेब का पेड़ लगा हुआ था जिसमें से मैंने एक सेब तोडा था। ये अगस्त का महिना था। और मैंने सज्ञन व्यक्ति से कहा, मैंने कहा, "वो पेड़ कितना वर्ष पुराना है?"

10 और उसने कहा, "यही कोई तीस वर्ष," या ऐसा ही कुछ। उसने इसे लगाया था।

11 और मैंने कहा, "आपने सेब को तब से खाया है जब से यह पेड़ फलो को देते आ रहा है?"

"जी हां, श्रीमान।"

12 मैंने कहा, "उस पेड़ को क्या होता है? यदि आप इसे देखेंगे, तो अब ये अगस्त महिना है, सारा समय मौसम गर्म रहता है; लेकिन अब उस पेड़ की पत्तियाँ झड़ रही हैं, और जीवन का रस डालियों को छोड़कर जड़ में जा रहा है। यदि यहाँ पर यह सर्दियों में से होते हुए बना रहता है, तो पेड़ अब और नहीं रहेगा; लेकिन वो ठंडी तेज हवाओ से अपने आप को छिपाने के लिए नीचे मिट्टी के अंदर चला जाता है। यदि यह यहाँ बना रहता है, तो वह मर जायेगा, ये अब और सेब को नहीं लायेगा। लेकिन यह खुद को जड़ों में छुपाने के लिए नीचे चला जाता है, जिससे कि अगले वर्ष वापस आये, कि आपके लिए कहीं से कुछ सेब और कुछ पत्तो को लेकर आये।"

13 और मैंने कहा, "अब, श्रीमान, मैं—मैं प्रार्थना करता हूं कि आप मुझे बताएं कि कौन सी बुद्धि उस जीवन के रस को पेड़ को छोड़ने को लगाती है किसी भी ठंडे मौसम से पहले, और जो जड़ों के अंदर छिपने के लिए नीचे चला जाता है? यदि आप मुझे बता सकते हो कि यह कौन करता है, और यह मुझे समझा सकते है कि यह कौन करता है, तो मैं आपको आपके हाथ को परमेश्वर पर रखने दूंगा।" मैंने कहा, "आप किसी खम्भे पर पानी डालिये और देखिये कि क्या ये ऐसा कर पायेगा, देखे कि क्या मौसम का परिवर्तन ऐसा कर पायेगा। वहां कोई महान बुद्धिमता होती है जो उस जीवन के रस को पेड़ की जड़ में लेकर जाती है, और फिर उसे नए जीवन के साथ वापस लाती है। यह परमेश्वर है।"

14 और उसने कहा, “मैं कभी भी इतना अधिक कलीसिया में नहीं गया हूँ।” उसने कहा, “लेकिन एक बार यहाँ एक्टन के पास एक प्रचारक आया था, और पहाड़ी पर रहनेवाली एक किसी स्त्री को बताया, कि उस रात उसकी बहन वहां सभा में गई थी, और उसे बताया कि वह एक बहन के लिए प्रार्थना कर रही है जिसे कैंसर है।” और कहा, “मैं और पत्नी उसकी मदद करने के लिए वहाँ गए थे।” और कहा, “उसकी हालत बहुत ही खराब थी, जिसके पेट में कैंसर था, इतना तक कि उन्हें चादर के साथ बिस्तर पर उसे करवट बदलवाना पड़ता था, और इत्यादि। उसकी बहन ने रूमाल को वापस लाया,” कहा, “उस मनुष्य ने उसे उसकी परिस्थिति और इत्यादि के बारे में बताने के बाद, कहा ‘उस पर रूमाल को रखना।’” और कहा, “वो आज ठीक है।”

15 “और यह केवल दिखाने के लिए है,” मैंने कहा, “वही बुद्धिमता जिसने पेड़ में उस जीवन के रस को बताया, वर्ष प्रति वर्ष, ठीक आपकी आंखों के सामने, कि जड़ में नीचे जाकर और छिप जाता है, यह वही बुद्धिमता थी जिसने मुझे बताया कि वो महिला चंगी हो जाएगी जब वो रखेगी... ” मैंने कहा, “यह इतना—इतना रहस्यमयी नहीं है। आपके पास एक बेहतर प्रचारक है जो आपके सामने आंगन में खड़ा हुआ है, वो पेड़, जो आपको वर्ष दर वर्ष बताता है।”

16 यदि हम चारों ओर देखें, तो हम हर कहीं परमेश्वर को देखेंगें। वह हर पेड़ में है, घास के हर पत्ती में है। परमेश्वर के अलावा कोई भी इसे उत्पन्न नहीं कर सकता है। हम उसी तरह का कुछ तो उत्पन्न कर सकते हैं जो उसी तरह का दिखाई देता है; लेकिन उस जीवन को नहीं, यह परमेश्वर है।

17 अब यहाँ के कुछ घरों में घास की एक छोटी सी पत्ती जुडती आ रही है, और हम इन छोटे बच्चों को प्रभु को समर्पित करना चाहते हैं। टेडी, हमारे पास यहाँ एक छोटा सा गीत है जिसे हम गाते हैं, *उन्हें अंदर लाओ,* क्या आप बस इसे बजायेंगे जब माताये जो चाहती हैं कि उनके बच्चो को समर्पित किया जाये, और पिता, वे अपने छोटे बच्चो को यहां वेदी पर लाएंगे।

18 और आज सुबह हमारे पास यहाँ वेदी पर बहुत सारे छोटे ईस्टर के फूल है, क्या हमारे पास नहीं है? ओह, परमेश्वर! मैं कल्पना करता हूँ कि

वहां छोटी–छोटी मरियम, रूत, रिबका, साथ ही यहाँ छोटे–छोटे याकूब, पौलुस और यूहन्ना हैं, एक और पीढ़ी के लिए छोटे ईस्टर के फूल।

19 यह अच्छा है, ठीक यहाँ। मैं सोचता हूँ कि भाई बीलर इसकी तस्वीर लेना चाहते हैं इस—इस छोटे से बालक की जो यहाँ खड़ा है, ये—ये भाई वुड का पोता है, बहन वुड यहाँ पर है। और बाकी के लोग अब उनके छोटे बच्चो के साथ आ रहे हैं। सीधे आगे आ जाये, मित्रो। यह ठीक है। भाई नेविल।

20 पवित्र विवाह का मिलन महान है, यह परमेश्वर के द्वारा ठहराया गया है। और पवित्र विवाह के जरिये से ये इन प्यारे छोटे बच्चों के जन्म को लेकर आता है।

21 अब यहाँ आपको मुझे इनका नाम बताना होगा। ब्रेंडा सूए। अभी तुम बहुत ही उस समय से अलग दिख रही हो, बच्ची, जब मैंने तुम्हें पहली बार देखा था। तो ठीक है, यहाँ छोटी ब्रेंडा सूए वुड है, वास्तव में हम सभी के हृदय के लिए एक बहुमूल्य छोटा सा खजाना है, और विशेष रूप से इस नौजवान माता और पिता के लिए।

22 और बाइबल के समय में। बहुत से लोग इन छोटे बच्चों पर छिड़काव करते है; लेकिन जितना हो सके हम बाइबल के प्रचलन का अनुसरण करने की कोशिश करते हैं। बाइबल में हमने कभी भी नहीं देखा कि जहाँ पर कभी उन्हें छिड़काव को किया गया था, लेकिन उन्हें प्रभु यीशु के पास लाया गया और उसने उन्हें आशीषित किया। और हम उन बच्चो को, उसके सेवकों के रूप में लेते हैं, और उन्हें उसकी ओर उठाते हैं।

23 मुझे विश्वास है कि आप समझते होंगे कि दादा को कितना गर्व होगा, आप जानते हैं। तो आइये एक क्षण के लिए अपने सिर को झुकाते हैं।

24 प्रभु यीशु, परमेश्वर की संतान, जिसे हमारे अपराध के लिए भेजा गया था। और आपके पास लाए गए छोटे बच्चों को देखना क्या ही बहुमूल्य बात है, उस बात की यादगार में जो बहुत वर्ष पहले घटित हुई थी, जब माता और पिता अपने बच्चों को आपके पास लाए थे। आज हम आपके सामने थामे हुए हैं, विश्वास की बाहों में, छोटी ब्रेंडा सूए वुड को, जिसे हमारे भाई डेविड और उनकी बहुमूल्य पत्नी के परिवार में भेजा गया है। पिता परमेश्वर, इस बालक को आशीष दीजिये।

25 वे आप में अपने विश्वास को अंगीकार कर रहे हैं, जैसे वे अपने संतान को सामने रखते हैं जो उनके विवाह से है। और हम प्रार्थना करते हैं कि आप उन्हें आशीष दें। और होने पाए उनका हृदय पवित्र आत्मा के द्वारा गर्म हो जाए, कि ऐसा ईश्वरीय जीवन हो, समर्पित जीवन हो, कि इस बालक को मसीही घर में लाया जाये, परमेश्वर की शिक्षा में पालन–पोषण हो, और यहां धरती पर एक लंबा, खुशहाल जीवन जीये, और अपने जीवन के सारे दिनों में आपकी सेवा करें। और महिमा में, जहां परिवार इर्द–गिर्द इकट्ठे होते हैं, होने पाए छोटी ब्रेंडा सूए और उसके पिता और माँ, और उनके सारे लोग हो, परमेश्वर के सिंहासन के चारों ओर इकट्ठा हो, मसीह के अनुग्रह के द्वारा छुड़ाये जाये, जिसके लिए हम उसे अब उसकी ओर उठाते हैं।

26 मेरी छोटी बहन, अब मैं तुम्हें प्रभु यीशु मसीह को देता हूं, उसकी सेवा के जीवन के लिए, परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

27 परमेश्वर आपको आशीष दे, मर्लिन, डेविड, ढेर सारी खुशियाँ और सफलता दे। होने पाए वो छोटी बच्ची को परमेश्वर के राज्य के लिए जीये।

28 अब, यहाँ एक अच्छा लड़का है, उसके चेहरे पर एक बहुत बड़ी मुस्कान है। उसका नाम? [माँ उत्तर देती है। टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

शारोन रोज़... [माँ कहती है, "शारोन डॉल्टन।"—सम्पा।] डॉल्टन। डॉल्टन। क्या यह भाई एड की बच्ची है? खैर, कुछ–कुछ, लगभग बाईस वर्ष पहले, परमेश्वर ने मेरी बाहों से एक छोटी शारोन रोज को ले लिया, जो आज स्वर्ग में है। और अब, उसे समर्पित करने के लिए, छोटी शारोन रोज डॉल्टन है। हम यहां भाई एड और बहन डॉल्टन को जानते है, हमारे बहुमूल्य मित्रों के नाई। क्या ही प्यारी बच्ची है!

हमारे स्वर्गीय पिता, हम आपके पास इस छोटी शारोन रोज को लेकर आए हैं। महान प्रभु यीशु की यादगार में, जो धरती पर खड़ा था, और उन्होंने उसके पास इस तरह की छोटी लड़कियों को लाया, मैं इस बच्ची के लिए प्रार्थना करता हूं, प्रभु। होने पाए यह जीवित रहे और हृष्ट–पुष्ट और स्वस्थ रहे। होने पाए यह परमेश्वर की महिमा के लिए जीवित रहे। इसके पिता और माता को आशीष देना। होने पाए इसे परमेश्वर की शिक्षा में ऊपर लाया जाये। वे आप पर उनके विश्वास को स्वीकार कर रहे हैं जब वे अपने बालक को आपको अर्पण करते हैं। अब हम आपको देते हैं, इस छोटी

शारोन रोज डोल्टन को, कि आप उसके जीवन को आशीष देंगे, प्रभु। मैं उसे उसके माता और पिता की बाहों से आपको अर्पित करता हूँ, मेरे प्रभु और उद्धारकर्ता, यीशु मसीह, उसकी महिमा के लिए। आमीन।

परमेश्वर आपको आशीष दे, बहन, और आपको, भाई।

ओह, परमेश्वर! एक छोटा सा, बीमार लड़का। उसकी क्या परेशानी है? [माँ कहती है, "उसका सिर बहुत बड़ा हो रहा है... " टेप पर खाली जगह—सम्पा।] ... कुछ तो अलग। मैं उस पर विश्वास करता हूँ।

प्रभु, परमेश्वर, मैं आपके लिए इस छोटे मेसन को पकड़ता हूं। मैं प्रार्थना करता हूँ, प्रभु यीशु, कि आप इस बालक को, जिसे मैंने यहाँ अपनी बाहों में पकडा है, ताकि उसे आपके लिए समर्पित करूँ। मैं उस पर इस रोग को शापित करता हूं। यीशु मसीह के नाम में, होने पाए कि छोटा मेसन आपकी बाहों में रखा जाये, प्रभु, और होने पाए कि रोग उसे छोड़ कर चला जाए। होने पाए बालक परमेश्वर के आदर और महिमा के लिए जीवित रहे। माता–पिता विश्वास को व्यक्त कर रहे हैं जब वे उसे लाते है। होने पाए आप बालक को चंगा करें और उसे स्वस्थ करें। होने पाए वो परमेश्वर की महिमा के लिए जीवित रहे, ताकि आपकी सेवा करे। प्रभु परमेश्वर, मैं आपको छोटे मेसन को देता हूं, यीशु मसीह के नाम में, उसके जीवन के लिए और उसके चंगाई के लिए। आमीन।

[टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] केवल अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें।

ओह, छोटी लड़की भी है? तो ठीक है, यह अच्छी बात है। यहाँ ऊपर आ जाए, छोटी बच्ची। ठीक यहाँ पर खडी हो जाये। आपका नाम है... [पिता कहते हैं, "सुमनेर"—सम्पा।] सुमनेर। भाई और बहन सुमनेर। मैं सोचता हूँ कि आप जॉर्जिया से हैं, क्या आप नहीं है? मैंने सोचा मुझे प्रार्थना याद है। वहाँ नीचे बहुत से लोग हैं। यह है... ["लैट्रेल।"] लैट्रेल। ["ड्वाइट।"] ड्वाइट। ["डेविड."] और डेविड। आपने उनका नाम सुना होगा। होने पाए परमेश्वर उनके नामो को मेम्ने की जीवन की किताब पर लिखे।

हमारे स्वर्गीय पिता, हम आज सुबह इस छोटी सी प्रिय को आपके पास लाते हैं, जैसे मैंने उसके सिर के छोटे गुंधे बालो पर हाथ को रखता हूँ, इन लड़कों के छोटे–छोटे मुलायम बालो पर। हे प्रभु, उन्हें आशीष देना। उनके माता–पिता ने अपने बच्चों को अर्पित करते हुए आप में अपना

प्रेम और विश्वास व्यक्त किया है। और हम उन्हें आपको समर्पित करते हैं, प्रभु, जैसा कि उन्होंने माता–पिता की बाहों से लिया है, आज सुबह यहां इस वेदी पर खड़े होने के लिये, ताकि परमेश्वर के निमित जीवन को समर्पित करे। उन्हें आशीष देना, पिता। हम प्रार्थना करते हैं कि आप उन्हें खुश होकर जीने देंना, उनके जीवन के सारे दिन, अनन्त जीवन आने वाले संसार में। होने पाए कि वे एक मसीही घर में, परमेश्वर की शिक्षा में पले–बढे।

अब, यीशु मसीह के आदेश के द्वारा, उसके सेवकों के लिए एक उदाहरण दिया, कि उन्हें उसका अनुसरण करना चाहिए जैसा उसने किया है, मैं उन्हें यीशु मसीह के नाम में आपके लिए अर्पण करता हूं। आमीन।

[टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

वहां दूर जॉर्जिया की सूर्य चमकने के राज्य में, इस बच्ची को उसके प्रिय पिता और उसकी माता ने यहाँ लाया है, इस यादगार सुबह पर आपको समर्पित करने के लिए। यह उनके परिवार में आपके अनुग्रह का चिन्ह है। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप छोटी रेनी, उसके माता और पिता को आशीष दें। और वे आप पर अपने विश्वास को व्यक्त करते हैं, बालक को लाते हुए, उस पर आपकी आशीष को चाहते हैं। और होने पाए वो जीवित रहे और अपने जीवन के सारे दिनों में एक मजबूत, खुशहाल मसीही बनी रहे; और उन आने वाले दिनों में, और उस आने वाले संसार में, अनन्त जीवन को पाए। इसे प्रदान करे, पिता। जैसे आपने आज सुबह इतनी प्यारी छोटी चीजों को उठाया है, इन बच्चों के रूप में, अपनी खुद की बाहों में, परिवारों ने आप पर विश्वास को व्यक्त किया है, उन्हें अपने सेवकों के पास लाने के द्वारा। और हम छोटी रेनी को आशीष देते हैं और उसे आपको देते हैं; उसके माता–पिता की बाहों से, आपके पास। यीशु मसीह के नाम में, होने पाए आप उसे आशीष दें। आमीन।

आपको आशीष दे, भाई। परमेश्वर आपको आशीष दे, रेनी।

आइए बस उस गीत का एक छोटा सा पद गाते हैं।

> उन्हें अंदर लाओ, उन्हें अंदर लाओ,
> उन्हें पाप के क्षेत्रो से अंदर लाओ;
> उन्हें अंदर लाओ, उन्हें अंदर लाओ,
> इन छोटे बालको को यीशु के पास लाओ।

29 ओह, मैं किस तरह से पंक्ति में खड़ा होना पसंद करता हूँ और उनमें से हर एक छोटे बालको के बारे में बात करना, लेकिन वैसे भी मैं बहुत धीमा हूँ, और लोग खड़े हुए हैं। भाई वुड ने आज सुबह मुझे बताया, उन्होंने कहा खड़े होने से उनकी पीठ में दर्द होता है। आप नहीं जानते कि मैं आपके खड़े होने और प्रतीक्षा करने की कितनी सराहना करता हूँ! और मैं जितना जल्दी हो सके उतना जल्दी संदेश के साथ जाऊँगा। और आप बहुत ही ध्यान से सुनना।

30 मेरे पास आज सुबह की सभा, या आज सुबह इस संदेश को तैयार करने का समय नहीं मिला, बस कुछ ही समय। मैंने एक विषय को लिया और जो कुछ तो अलग था।

31 और पिछले ईस्टर को मैंने इस विषय पर प्रचार किया था: "*जीते हुए,* उसने मुझसे प्रेम किया। *मरते हुए,* उसने मुझे बचा लिया। *दफन होकर,* वो मेरे पापों को बहुत दूर ले जाया। *जी उठकर,* उसने हमेशा के लिए स्वतंत्र रूप से धर्मी ठहराया। किसी दिन वह *आ रहा है,* ओह, महिमामय दिन!"

और फिर आज सुबह हमने इस विषय पर प्रचार किया: *मैं जानता हूं।*

32 और अब, यदि प्रभु चाहे तो, मैं संत मरकुस के अध्याय से पढ़ना चाहता हूँ। और अब आप मेरे साथ प्रार्थना करे।

33 और इसके तुरंत बाद चंगाई की सभा होगी। और तब चंगाई की सभा के बाद बपतिस्मा की सभा होगी। और उसके बाद सभाये आज रात साढ़े सात बजे होंगी।

34 अब मरकुस 16।

> *और जब सब्त का दिन बीत गया, तो मरियम मगदलीनी,...* यीशु *की माता मरियम और शलोमी ने सुगन्धित वस्तुएं* मोल *लीं, कि जिससे वे आकर और उस पर मलें।*
>
> *... सप्ताह के पहिले दिन बड़ी भोर, जब सूरज निकला ही था, वे कब्र पर आईं।*
>
> *और आपस में कहती थीं, कि हमारे लिये कब्र के द्वार पर से पत्थर कौन लुढ़काएगा?*
>
> *और जब उन्होंने आंख उठाई, तो देखा कि पत्थर लुढ़का हुआ है: क्योंकि वह बहुत ही बड़ा था।*

और कब्र के भीतर जाकर, उन्होंने एक जवान को दाहिनी ओर बैठे देखा, जो लंबे श्वेत वस्त्र पहिने हुए था: और वे बहुत चकित हुईं।

और उन्होंने उन से कहा... *और उस ने उन से कहा,* चकित *मत हो: तुम यीशु नासरी को, जो क्रूस पर* चढ़ाया *गया था, ढूंढ़ती हो: वह जी उठा है; यहां नहीं है; देखो, यही वह स्थान है, जहां उन्होंने उसे रखा था।*

परन्तु तुम जाओ, और उसके चेलों और पतरस से कहो, कि वह तुम से पहिले गलील को जाएगा: जैसा उस ने तुम से कहा था, तुम वहीं उसे देखोगे।

और वे निकलकर कब्र से भाग गईं; क्योंकि कपकपी और घबराहट उन पर छा गई थीं: और उन्होंने किसी से कुछ न कहा; क्योंकि डरती थीं।

अब सप्ताह के पहिले दिन भोर होते ही वह जी उठ कर, पहिले पहिल मरियम मगदलीनी को *जिस में से उस ने सात दुष्टात्माएं निकाली थीं, दिखाई दिया।*

उस ने जाकर उसके साथियों को जब वो... जब *वे जो शोक में डूबे हुए थे और रो रहे थे, समाचार दिया।*

35 आप देखो, वे भी राख के ढेर पर थे।

और उन्होंने, यह सुनकर की वह जीवित है, और उस ने उसे देखा है प्रतीति न की।

36 परमेश्वर के वचन कितने रहस्यमयी हैं!

इस के बाद वह दूसरे रूप में... उन में से दो को जब वे गांव की ओर जा रहे थे, दिखाई दिया।

और जब... *और उन्होंने भी जाकर औरों को समाचार दिया, परन्तु उन्होंने उन की भी प्रतीति न की।*

पीछे वह उन ग्यारहों को भी, जब वे भोजन करने बैठे थे दिखाई दिया, और उन के... अविश्वास के कारण—कारण और मन की कठोरता पर उलाहना दिया, क्योंकि जिन्हों ने उसके जी उठने के बाद उसे देखा था, इन्होंने उन की प्रतीति न की थी।

और उस ने उन से कहा, तुम सारे जगत में जाकर,... सारी सृष्टि के लोगों को सुसमाचार प्रचार करो।

जो विश्वास करे और बपतिस्मा ले उसी का उद्धार होगा;... परन्तु जो विश्वास न करेगा वह दोषी ठहराया जाएगा।

और विश्वास करने वालों के यह चिन्ह होंगे; मेरे नाम से वे दुष्ट आत्माओं को निकालेंगे; वे नई नई भाषा बोलेंगे;

वे सांपों को उठा लेंगे;... और यदि वे नाशक वस्तु भी पी जांए तौभी उन की कुछ हानि न होगी; वे बीमारों पर हाथ रखेंगे,... वे चंगे हो जाएंगे।

निदान प्रभु यीशु उन से बातें करने के बाद स्वर्ग पर उठा लिया गया, और परमेश्वर की दाहिनी ओर बैठ गया।

और उन्होंने निकलकर हर जगह प्रचार किया, और प्रभु उन के साथ काम करता रहा, और उन चिन्हों के द्वारा जो साथ साथ होते थे वचन को, दृढ़ करता रहा। आमीन।

37 मैं दो शब्दों से एक विषय को लेना चाहूंगा: *जाकर, बताओ।*

38 आप जानते हैं, यदि आपके पास बताने के लिए कुछ नहीं है तो जाने से कोई फायदा नहीं है। मैं सोचता हूँ कि आज की बहुत अधिक परेशानी यही रही है। हम बताने जाते हैं, हम जाते हैं लेकिन बताने के लिए हमारे पास कुछ भी नहीं हैं, कुछ भी लाभ नहीं होगा, कुछ भी नहीं जिससे लोगों को मदद मिले।

39 लेकिन यदि हम इन चेलो के नाई निर्देशों का पालन करेंगे, जिन्हें आज्ञा मिली थी, तो हमारे पास वही आज्ञा है, "जाकर, मेरे चेलों को बताओ कि मैं मरे हुओं में से जी उठा हूं।" जाकर, इसे बताओ!

40 तब वो कहता है, "जाकर, इसे प्रचार करो, और इन चिन्हो को दिखाओ कि मैं मरे हुओं में से जी उठा हूं।" क्या ही संदेश है! "जाकर, बताओ, और जाओ, मेरे चेलों को ये बातें दिखाओ जो तुम ने देखी हैं, कि मैं मरा नहीं हूं, लेकिन मरे हुओं में से जी उठा हूं।"

41 सुबह के संदेश में आज सुबह के, हमने देखा कि हम में से हर एक के पास परेशानीयों और परीक्षाओ का एक छोटा सा राख का ढेर है जिस पर हम कभी–कभी बैठे रहते हैं, सहायक की प्रतीक्षा करते रहते है। हमने देखा

कि महान वृद्ध पुरुष अय्यूब को एक दर्शन मिला, क्योंकि उनके पास अभी तक ईस्टर नहीं था, लेकिन उस ने चार हजार वर्ष दूर आज की सुबह को देखा। उसने चार हजार वर्ष दूर एक ईस्टर को देखा, और उसकी पीड़ा में चिल्ला उठा, "मैं जानता हूँ मेरा छुड़ानेवाला जीवित हूँ! अंतिम दिनों में, वो धरती पर खड़ा होगा। भले ही खाल के कीड़े इस शरीर को नष्ट कर दे, फिर भी मैं अपने देह में परमेश्वर को देखूंगा।"

42 अब, ईस्टर के बाद, हम देखते हैं कि परमेश्वर ने मनुष्य को एक आज्ञा दी, "जाकर, बताओ! और यदि तुम बताते हो, तो *यह* तुम्हारे पीछे–पीछे आयेगे। जाकर और बताओ!"

43 अब, यह कुछ भला नहीं करता है, जैसा कि मैंने कहा, जाने से, जाने से, जब तक कि आपके पास बताने के लिए कुछ न हो। और यदि आपके पास बताने के लिए गलत संदेश है, तो इससे कोई फायदा नहीं होगा। आपको बताना होगा कि रहस्य क्या है।

44 कुछ समय पहले मैं एक किताब में पढ़ रहा था, एक छोटे लड़के की, जिसने... एक प्रतियोगिता में प्रवेश किया। और इस प्रतियोगिता में उसे खुद के एक नाम को ऊँचा करना था। कोई भी छोटा लड़का जो पासवर्ड को अपने मन में याद रख सकता है जब तक कि वह एक ठहराए हुए स्थान पर नही पहुंच जाता, और उसे इस पासवर्ड को बोलना होगा, और तब द्वारपाल उसे वहां से भीतर जाने देगा। यह बच्चे के बौद्धिक स्तर को जांचने के लिए था। और जब वो उस स्थान पर पहुंच जाता है, तो उसको दिए गए पासवर्ड को उसे बोलना होता था, जिससे द्वार खुल जाएगा और वो एक बड़े सम्मान को जीतेगा।

45 एक छोटा सा लड़का, बहुत ही तेज–तर्रार होने के कारण, और अच्छी तरह जानता था और वह प्रतियोगिता में बाकी सभी लड़कों को पीछे कर सकता था, या उसने सोचा कि वो कर सकता है। वह दिन–प्रति–दिन दौड़ने का अभ्यास करता रहा। कैसे वो अपने छोटे फेफड़ों को फुलाता, उसने उसके भौतिक शरीर को काट–छांट किया, जिससे कि वह दौड़ते समय थक न जाए। और उसने अभ्यास किया कि किस तरह से अपने पैरों से शुरू करे, और बाकी लड़कों से आगे सिर को झुकाया जाए। और किस तरह से दौड़ते समय उसे सांस लेना अवश्य है, उसके शरीर में आने वाली ऑक्सीजन को रोके रखने के लिए, जिससे कि उसे पंप करते रहे, ताकि

यह उसके ह्रदय को बहुत ज्यादा धीमा न कर दे। उसने हरएक दृष्टिकोण से इसका अध्ययन किया जो वह कर सकता था।

46 और सुबह में जब दौड़ शुरू हुई, एक नियत उम्र के एक सौ पचास से अधिक छोटे लड़के एक ही कतार में खड़े हुए थे। यह छोटा सा लड़का अपनी उम्र के हिसाब से एक अच्छे आकार का लड़का था। और उसने अपना सारा प्रशिक्षण याद किया। और वह तैयार हो गया। वे एक कतार में आ गए, उनके छोटे–छोटे चेहरो को उस—उस रस्सी के आगे की ओर रखा जो उनके आगे लगी हुई थी, उनके छोटी नाक को ऊपर करके इसके सामने टिकाया। उसने इसके सारे नियम का अध्यन किया था, खुद को तैयार कर रहा था।

47 और फिर जब बंदूक चलाई गयी, और रेखा टूट गई, तो छोटे लड़के आगे की ओर कूद पड़े। और यह छोटा लड़का शारीरिक रूप से इतना दुरूस्त था इतना तक कि वह बाकी के लडको से आगे की ओर कूद पड़ा। और आगे दौड़ के पथ से वह एक जबरदस्त गति के साथ चला गया, अच्छी तरह से प्रशिक्षित, यहाँ तक कि वह दौड़ में शामिल हर एक लड़के से आगे नहीं निकल गया। और वह वहाँ पर था, ओह, काफी लंबा समय, शायद एक मिनट या उससे अधिक, सबसे सर्वश्रेष्ठ दूसरे दौड़ने वालो से आगे स्थान पर पहुंच गया।

48 लेकिन, उसके सारे शारीरिक प्रशिक्षण के समय पर, वह पासवर्ड को भूल गया था। वो उसी चीज को भूल गया था जो उसे कहना था, जिससे कि उसे फाटक में से जाने दे। और उसकी गति आगे–पीछे होने लगी, और इसे सोचने लगा, और अपने मन ही मन खोजने लगा। वो अपने शरीर की स्वाभाविक, भौतिक स्थितियों में इतनी अधिक दिलचस्पी दिखाते आया था, यहाँ तक कि वह मुख्य बात को भूल ही गया था। आगे, वहां रेखा पर, कुछ लड़के जो इतनी तेजी से नहीं दौड़े, उन्होंने पासवर्ड याद रखा, और अंदर प्रवेश किया।

49 वैसा ही आज है! हम बड़े–बड़े पवित्र स्थानो, और आराधनालयो और इमारतों, और इत्यादि निर्माण में बहुत अधिक रुचि रखते हैं, और बहुत अधिक हमारे कलीसियाओ को अच्छी तरह संवारने में दिलचस्पी रखते है, अच्छी इमारतों और अच्छे आलीशान कुर्सियों और अच्छे बजाने वाले वाध्यो के साथ। हमारे सेवक लोग बहुत अच्छी तरह से प्रशिक्षित हुए है...

उनके पास डॉक्टर डीएल., पीएच.डी., एल.एल.डी. की डिग्री है, लेकिन हम भूल गए कि हम किसके लिए दौड़ रहे हैं। यही परेशानी है। “जाकर, मेरे चेलों को बताओ कि मैं मरे हुओं में से जी उठा हूं, और मैं उन से गलील में मिलूंगा।” हम मुख्य शब्द को भूल गए। हम दूसरे कामों में इतने व्यस्त हो गए हैं, बडी–बडी कलीसिया बनाना, बड़े संप्रदाय बनाना, इतना तक हम मुख्य शब्द को भूल गए है।

50 बहुत से लोगों के जीवन बचाए जाते रहे है आगे होने वाले घटनाओं की तैयारी की वजह से। कुछ समय पहले मुझे बताया गया था कि फ्लोरिडा में, समाचार बताने वाले ने, मौसम विभाग के, एक समाचार प्रसारण को भेजा कि एक बड़ा तूफान आ रहा है। और एक मनुष्य मुर्गी पालन चलाने वाला था, और वो उसके उस पड़ोसी के पास गया और उसे बताया कि तूफान आने वाला है। उसने अनदेखा किया और कहा, “बेहूदा बात है!” और वह बस अपना काम करता रहा। उसने कभी अपने मुर्गियों को व्यवस्थीत नहीं किया। वह कभी भी मुर्गियों के बाड़े में नहीं गया। उसने कभी कोई भी व्यवस्था को नहीं किया। और उसके पड़ोसी ने व्यवस्था की। लेकिन सारे, वे जिन्होंने चेतावनी को नहीं लिया, उसके सारी मुर्गियां उड़कर और मर गयी। उसका घर टूट गया था, उसकी पूंजी का नुकसान हो गया था, उसे अस्पताल भेज दिया गया था। सब कुछ क्योंकि उसने ध्यान नहीं दिया और चेतावनी को नहीं लिया! वह जानता था कि संदेश को दिया गया था, लेकिन वो संदेश पर ध्यान देने में चूक गया।

51 इसी तरह से ये आज होता है, हमारे बहुत से लोगों के साथ, हमारे बहुत से कलीसियाओ के साथ। हम जानते हैं कि बाइबल सिखाती है कि यीशु मसीह कल, आज और युगानुयुग एक सा है। हम जानते हैं कि बाइबल सिखाती है, यीशु ने संत यूहन्ना 14:12 में कहा, “वो जो मुझ पर विश्वास करता है, जो काम मैं करता हूं, वो भी करेगा; वरन इससे भी बढ़कर काम करेगा, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूं।” अब हम दूसरी चीजो में रुचि रखते आये हैं, ना ही चेतावनी को लेते है, ना ही ध्यान देते है। हम दौड़े हैं, लेकिन संदेश पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हम जा चूके है, लेकिन नहीं जानते कि वहां पहुंचने पर क्या बताना है।

52 कुछ दिनों पहले जब इस संसार की कलीसियाये, जब मसीही कलीसियाओ को शर्मिंदगी और अपमान में लाया गया था, जब आदरणीय

और प्रसिद्ध और परमेश्वर का भय मानने वाले सेवक, बिली ग्राहम को बाइबिल के साथ आमने–सामने लाया गया था। वह दौड़ा था, लेकिन सन्देश को भूल गया था; जब उस मुसलीम ने उसके सामने खड़े होकर उस से कहा, “यदि यह परमेश्वर का वचन है, तो आओ हम देखें कि आप इसे प्रकट करते हैं।” वो बहुत अच्छी तरह से दौड़ा था, बडी–बड़ी बेदारीयां, बड़ी–बड़ी चीजें की थी। लेकिन, जब ये बात उस स्थान पर आती है तो उसके पास सन्देश नहीं था।

53 “मैं मरे हुओं में से जी उठा हूँ। मैं कल, आज और युगानुयुग एक सा हूं।” शारीरिक रूप से दौड़ते हुए, बढ़िया कलीसियाये, बहुत से सदस्य, बड़े संप्रदाय, लेकिन यह वो मुख्य बात नहीं है। देखो पीछे–पीछे क्या आता है, “और ये चिन्ह उनके पीछे आयेंगे वे जो विश्वास करते हैं।” जाओ, लेकिन नहीं जानते क्या बताना है।

54 परमेश्वर ने एक मनुष्य को कभी नहीं भेजा जब तक वो उसे कहने के लिए कुछ नहीं देता है। परमेश्वर हमेशा अपने वचनों की पुष्टि करता है।

55 जाते हैं, लेकिन जब आप पहुंचते है इसे नहीं बता पाते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी बेदारीयां कितनी बड़ी हैं, आपकी कलीसिया कितनी बडी है, या आपके संप्रदाय दूसरों पर कितना हावी होते है, यदि आपके पास उन्हें बताने के लिए कुछ नहीं है, आपके पास क्या है सिवाय एक साथ इकट्ठा हुए लोगों के झुंड के जैसे लॉज होता है?

56 हमारे पास संसार को बताने के लिए एक संदेश है, “यीशु जीवित हैं! वो मरा नहीं है!” संदेश पर ध्यान देते हुए!

57 इस बड़े राष्ट्र में, जिसके लिए हम अब धन्यवादित हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका, इसकी सारी अव्यवस्था में, इसकी सारी अश्लीलताओं में, इसके सारे बुरे उदाहरण में, फिर भी यह संसार का सबसे महान राष्ट्र है, और आरम्भ में, क्योंकि ये सही तरह से व्यवस्थित था। इसने संदेश को बनाकर नहीं रखा।

58 बहुत वर्ष पहले, जब यह उसकी प्रथम अवस्था में था, तो मेरे मन में एक कहानी आती है, कि ब्रिटेन इस राष्ट्र के राष्ट्रमंडल को कब्जे में लेने जा रहे थे। और वहां पुरुषों का एक झुण्ड था जिन्होंने खुद को एक साथ एकत्र किया था और कर्तव्य पर थे, देख रहे थे। और वहां एक घोड़ा बंधा हुआ खड़ा था, और एक घुडसवार किसी भी क्षण चढ़ने के लिए तैयार था। पहली

चीज उसे एक ईशारा मिल गया कि ब्रिटिश आ रहे थे, और वो उसके घोड़े पर टांग फैलाकर बैठ गया। उसे उसके घोड़े को दौड़ाने से क्या फायदा होगा? इससे क्या फायदा होगा, कि घोड़े को मारे और उस कलीसिया से बोस्टन तक अपना रास्ता बनाने की कोशिश करे? यदि उसके पास लोगों को बताने के लिए कोई संदेश ही नहीं होता है तो उसका क्या फायदा होगा? वे कैसे जानेंगे कि खुद को तैयार करना है?

59 हमारे आधुनिक पॉल रेवरे ने अच्छी दौड़ को लगायी हैं, लेकिन, वे बस दौड़ रहे हैं, वहां कोई संदेश नहीं है। वो घडी यहाँ पर है, संकट जारी है! संसार अंत में है! कलीसियाये अपने चरम बिंदु पर पहुंच गयी हैं। राष्ट्र अपने चरम बिंदु पर पहुंच गए हैं। मनुष्य जीवन अपने चरम बिंदु पर पहुंच गया है। विज्ञान अपने चरम बिंदु पर पहुंच गया है। हम संगठित हो गए है और बडे–बड़े आराधनालय बनाए हैं, हमारे प्रचारकों को चमकाया है और शारीरिक रूप से उन्हें एक साथ व्यवस्थित किया है, जो वे जानते है उन्हें अपने शब्दों में क्रियाओं और क्रियाविशेषणों, और उनकी आवाजो का कैसे उपयोग करना हैं और—और उनके सारे शब्द स्वर, और हर एक चीज बिल्कुल ठीक मनोविज्ञान में कैसे उपयोग करना हैं, जिससे कि लोगों से संपर्क कर सके। लेकिन यह वो नहीं था जो यीशु ने कहा!

60 "मेरे नाम में वे दुष्टात्माओं को निकालेंगे। वे नई–नई भाषा से बोलेंगे। यदि कोई घातक सर्प भी उन्हें काट ले, तो उससे उन्हें कोई हानि नहीं होगी। यदि वे बीमारो पर हाथ रखेंगे, तो वे चंगे हो जाएंगे।" संसार को एक सन्देश के साथ संदेशवाहक की आवश्यकता है, ताकि कुछ तो बताये, और जानें कि संदेश कहां से आया है और यह किससे आया है।

61 पॉल रेवरे, जैसे ही वह अपने घोड़े पर चढ़ा, एक बहादुर व्यक्ति था, एक ऐसा व्यक्ति जो वहां इतिहास में तब तक रहेगा जब तक वहां एक राष्ट्र है जिसका इतिहास होना है। उसने कलीसिया की सीढ़ियों से उस यादगार सवारी को किया, एक संदेश के साथ, जिसने सबसे कंगाल से लेकर सबसे धनी तक सभी को सावधान कर दिया, किसान से लेकर व्यापारी तक, "ब्रिटिश आ रहे हैं!" और तुरंत तैयारी करने वाले पुरुषो ने खुद को हमले के लिए तैयार किया। और यह महान राष्ट्र बच गया।

62 यदि यह परमेश्वर की विरासत, यदि यह लोग जिनके लिए परमेश्वर मरा, यदि यह कलीसिया जिसे उसके नाम से पुकारा जाता है, इसे कभी

बचाया जाना है, तो हमारे पास सिंहासन से एक सन्देश के साथ एक सन्देशवाहक होना है, ताकि इस दिन की चुनौती का सामना कर सके। वहां एक गोलियत है, लेकिन परमेश्वर के पास कहीं न कहीं अवश्य ही दाऊद होगा। हमें संपर्क का लेना है। हमारे पास एक होना... हमारे पास एक संदेश होना चाहिए।

63 हम जा रहे हैं, लेकिन कहने के लिए कुछ नहीं है। ये इसे साबित करता है, जब हम एक स्थान पर आते हैं जहाँ एक राष्ट्र या लोग जो यीशु मसीह को परमेश्वर का पुत्र होने का इनकार करते हैं, और आज के हमारे सबसे चुनौतीपूर्ण सेवको के सामने खडे होते है। और फिर हमारे बड़े कलीसिया संगठन में, कुछ बीस या तीस वर्षों से साम्यवाद के दस्तावेज लिए हुए पाते है, कि वे साम्यवाद पार्टी के सदस्य हैं, हमारे संयुक्त कलीसियाओ में। हम क्या कर सकते है? यह दिखाता है कि वे बिना एक संदेश के दौड़े हैं; राष्ट्र के जन्मसिद्ध अधिकारो को बेच रहे है, कलीसिया के नियमित जन्मसिद्ध अधिकारो को बेच रहे है।

64 यह सब एक अंतिम मुक़ाबले पर आ गये है। यह एक ऐसे स्थान पर आये है कि वो छोटी कलीसिया संदेश पर विश्वास करती है, और दोनों पैरों पर खडी है, उनकी आँखें क्रूस पर केन्द्रित किये हुए हैं, उनके हृदय में यीशु मसीह का पुनरुत्थान, जल रहा है! यह एक ऐसे स्थान पर आये है जहां राष्ट्रों को इसे पहचानना होगा। यह एक अंतिम मुक़ाबले के लिए है। कोई आश्चर्य नहीं कि कलीसियाये... जब कलीसियाओ का परिषद, यह साम्यवादी के साथ इतना मधु का छत्ता हो गया है, कोई आश्चर्य नहीं कि वे अलौकिक में विश्वास नहीं कर सकते है। कोई आश्चर्य नहीं कि वे दैविक चंगाई में विश्वास नहीं कर सकते; उनके पास हृदय में कोई संदेश नहीं है, कोई फर्क नहीं पड़ता चाहे वे कितने भी तेजी से दौड़ रहे हों।

65 यदि पवित्र आत्मा किसी व्यक्ति के हृदय में आता है, तो वो विश्वास करेगा कि यीशु मसीह मरे हुओं में से जी उठा है, और वो उस में जीवित है, कि वो करे, और उस इच्छा को पूरी करे जिसे वो करने के लिए आया; वो इच्छा, मनुष्य के जीवन के जरिये से परमेश्वर की इच्छा को पूरा करे।

66 लेकिन, समस्या ये है, हम दौड़ते हैं, हम बिना एक संदेश के जाते हैं। हम धर्मज्ञान के साथ जाते हैं। हम वचनो के किसी तरह के कलीसिया के अनुवाद के साथ जाते हैं।

67 हमें तो पुनरुत्थान के साथ जाना है! “जाकर, मेरे चेलो को बताओ कि मैं एक नयी कलीसिया को संगठित करूंगा”? नहीं, महाशय! “जाकर, मेरे चेलों को बताओ कि मैं मरे हुओं में से जी उठा हूं, जैसा कि मैंने कहा था कि मैं होऊंगा।” आज की सुबह कलीसिया के लिए यही संदेश है कि यीशु मरा नहीं है। वो जीवित है, और बस आज भी उतना ही महान और सामर्थी है जितना वह हमेशा से था।

68 हमारे पास चेतावनियों के बहुत से सन्देश है, कि तैयार हो जाए, पॉल रेवरे और दूसरे महान पुरुषो के, और बड़े–बड़े युद्ध और तूफान, और इत्यादि।

69 फिर, परमेश्वर धैर्य देने के संदेश भी भेजता है। यह एक धैर्य देने का संदेश था।

70 कुछ समय पहले, जब दक्षिण में वे गुलामी में थे, बोअर्स जो वहां दक्षिण अफ्रीका के मूल निवासी किसान लाए गए, जिसे हम आज, “अश्वेत मनुष्य” कहते हैं। और वे उनको यहां ले आए, और दक्षिण में अमरीकियों के हाथ उन्हें बेच डाला, कि उन में से गुलाम बनाये।

71 आज अफ्रीका में इसके विषय में बड़ा विद्रोह होता है, हत्याएं, और इत्यादि, बातें चल रही हैं। वे अपनी आजादी के लिए लड़ रहे हैं। उनके पास इसके लिए लड़ने का अधिकार है। परमेश्वर ने मनुष्य को बनाया; मनुष्य ने गुलाम बनाये। ऐसा कभी भी इरादा नहीं था।

72 कुछ वर्ष पहले, मैं एक कोलिज़ीयम, या मेरा मतलब एक बड़े संग्रहालय में था। मैं यहाँ–वहां घूम रहा था, अलग–अलग तस्वीरें और चीजो को देख रहा था, क्योंकि मैं कला का चाहने वाला हूं। मैं सोचता हूँ कि परमेश्वर कला में है। और मैं ऊपर चलकर गया, और मैंने ध्यान दिया कि वहां एक बूढ़ा नीग्रो व्यक्ति था, वह बहुत ही बूढ़ा था, उसके कंधे झुके हुए थे, उसके सिर के पीछे बालों का बस एक छोटा सा किनारा था। उसने उसकी टोपी पहन रखी थी। और वह इधर–उधर घूम रहा था, और कुछ तो *इसी* अंदाज़ से, यहाँ–वहां देख रहा था, जैसे कि मानो वह संग्रहालय में किसी चीज के लिए देख रहा हो या खोज रहा हो। मैं पीछे खडे होकर और थोड़ी देर उसे देखता रहा।

73 और थोड़ी देर बाद वह वहाँ एक छोटे से बक्से के पास आया। और उस ने उसके अंदर की ओर देखा, और वह चौंक गया, और उसकी आंखें

चमक उठीं। वह एक मिनट में बक्से से पीछे की ओर कूद पड़ा, अपनी छोटी सी गोलाकार टोपी उतार दी, उसे अपने हाथ में पकड़ लिया। और मैंने उसे देखा। और जैसे ही उस बूढ़े अश्वेत ने अपना सिर झुकाया, उसके गालों पर से आंसू गिरने लगे। और मैंने उसे अचंभित सा देखा, काफी देर तक।

74 तब मैंने सोचा, "मैं देखूंगा कि ये बूढ़ा मनुष्य किस बात को लेकर इतना उत्साहित था।" मैं घूमकर *इस* तरफ चलकर गया, और यह मुझे वहाँ रखी हुई एक पोशाक के जैसे दिखाई दे रहा था।

75 और मैंने उसे वहां खड़ा हुआ देखा। और मैं वहां चलकर गया, मैंने कहा, "आप कैसे हैं, अंकल?"

और उसने कहा, "आप कैसे हैं, महाशय।"

76 और मैंने कहा, "मैं एक सेवक हूं। आपको इस स्थान पर प्रार्थना करते हुए देखकर मैं आश्चर्यचकित हूँ।" मैंने कहा, "मै सोचता हूँ कि आप एक मसीही हैं।"

उसने कहा, "मैं मसीही हूँ, महाशय।"

और मैंने कहा, "किस बात ने आपको इतना अधिक उत्तेजित किया है?"

77 उसने कहा, "यहां पर आइये।" और मैं वहाँ पर उस बूढ़े मनुष्य के साथ चला गया। उसने कहा, "आप उस पोशाक को देखते हैं?"

मैंने कहा, "जी हां, महाशय।"

उसने कहा, "आप वहां उस धब्बे को देखते हैं?"

मैंने कहा, "जी हां, महाशय।"

कहा, "अपने हाथ को मेरी बगल में रखे।"

मैंने कहा, "यह खुरदरी जगह क्या है?"

78 उसने कहा, "एक दिन एक गुलाम का पट्टा वहाँ बगल में बंधा हुआ था। और यही *वो* अब्राहम लिंकन का लहू है।" उसने कहा, "उसके लहू ने मेरी गुलामी के पट्टे को उतारवा दिया।" कहा, "क्या यह आपको भी उत्तेजित नहीं करता?"

79 मैं अचंभित होकर वहीं पर खड़ा रहा। मैंने सोचा, "यदि अब्राहम लिंकन का लहू एक गुलाम को उत्तेजित—उत्तेजित करता है, एक गुलाम के पट्टे को उसके ऊपर से उतारने पर, तो यीशु मसीह के लहू को क्या करना चाहिए उन लोगो के लिए जो यहाँ रोसेला के जैसे है, जो शराब की गुलाम थी; मेरे लिए, जो मर रहा था, एक तुच्छ अभागा? " उसने मेरे हृदय से पाप के गुलामी के पट्टे को निकाल दिया। क्या यह एक मनुष्य को उत्तेजित नहीं करना चाहिए? क्या ये उसे भिन्न महसूस करने को नहीं लगाना चाहिए? जब वह इसके बारे में सोचे तो क्या उसे उसका आदर करने को नहीं लगाना चाहिए? आप बिना सिर झुकाए एक पेड़ नहीं देख सकते हैं, शायद ही, यह जानते हुए कि यीशु ने उस पेड़ पर आपके जीवन को छुड़ाया था।

80 जैसा कि हम कुछ समय के लिए इसे जारी रखते हैं, गुलामों के विषय में, और हमारे विचार। एक घोषणा की गयी थी, घोषणा जो दासत्व–मुक्ति की थी, जिस पर हस्ताक्षर किए गए थे, और गुलाम एक ठहराये हुए दिन पर आजाद होने जा रहे थे। आप नहीं जानते, ओह, यदि आपकी कभी भी मसीह से भेंट नहीं हुई हैं, तो आप कभी भी नहीं जानेगे कि उन गुलामो के लिए इसका क्या महत्व था। जब यह संदेश पूरे देश भर में चला गया, कि, "तुम फलां–और–फलां दिन पर, दिन के उजाले में आजाद होने जा रहे हो। तुम आजाद होने जा रहे हो। आपको अब और गुलामी के पट्टे को नहीं पहनना पड़ेगा, और न ही आपको कोई और चाबुक पड़ेगा। लेकिन आप आजाद हो, और आप इस बड़े संयुक्त राज्य के नागरिक हो। एक फलां–फलां सुबह को, दिन के उजियाले के बाद, तुम अब और गुलाम नहीं रहोगे।" ओह, बड़ी अपेक्षा के साथ उन्होंने प्रतीक्षा की।

81 यदि पापी केवल इसे देख सकता! यदि पापी केवल सच्चे सुसमाचार को सुनेगा! ना ही कलीसिया के साथ जुड़ना, लेकिन सुसमाचार के प्रचार को, कि तुम पाप से आजाद हो सकते हो, कि तुम अपनी बीमारी से आजाद हो सकते है। "एक फलां–फलां समय पर, " यही वो समय है आप विश्वास करे।

82 आप जानते है, वे गुलाम इतने उत्सुक थे और ऐसी अपेक्षा के अंदर थे, उस घडी का इन्तजार कर रहे थे कि वे आजाद हो जाएंगे, इतना तक, वे मुझे बताते है, कि वे एक पहाड़ी के सबसे नीचले स्थान पर इकठ्ठा हुए, माताये और छोटे बच्चे, सारे लोग इकट्ठे हुए, और कुछ बूढ़े थे। और वे मध्य

रात के आसपास पहाड़ी की चोटी की ओर चढ़ने लगे। वे जानते थे कि जब दिन आरंभ होगा और सूरज निकलेगा, तो वे आजाद हों जायेगे। ये पहाड़ी की सबसे ऊपर चोटी से सूरज को चमकने में आधा मिनट भी नहीं लगेगा, लेकिन उनमें से कुछ पहाड़ी के सबसे ऊपर चोटी पर थे, देख रहे थे, देख रहे थे। "ओह, जब सूरज उगने लगता है, हम आजाद हैं।" वह एस–ओ–एन पुत्र था... मेरा मतलब, एस–यू–एन सूर्य था।

83 लेकिन जब इन दिनों में से एक दिन एस–ओ–एन पुत्र ऊपर आता है! और जब लगभग उन्नीस सौ वर्ष पहले एस–ओ–एन पुत्र ऊपर आया, तो उसने हर गुलामी के पट्टे को तोड़ डाला, उसने हर बंधुवे को आजाद कर दिया, उसने हर बीमारी को चंगा किया, उसने उन्हें जो बंधन में हैं उन्हें आजादी दी। हमें किस तरह से ऊपर चढ़ना और देखना चाहिए!

84 और जब सूरज की हल्की सी झलक ऊपर आई, तो पहले, वो मनुष्य जो सबसे ऊँचे स्थान पर था, इसे देखा, और उसने नीचे अगले मनुष्य को चिल्लाया, "हम आजाद हैं!" और अगला मनुष्य पहाड़ी से नीचे की ओर उस मनुष्य को ऊँचे स्वर में चिल्लाया, "हम आजाद हैं!" जब तक यह बात नीचे शिविर तक नहीं आ गयी कि, "हम आजाद हैं!" क्योंकि, सूर्य उदय हो रहा था, वे इंतजार कर रहे थे, इंतजार कर रहे थे, उस घड़ी के लिए इंतजार कर रहे थे।

85 हमें किस तरह से और अधिक आज इंतजार करना चाहिए, परमेश्वर के एस–ओ–एन पुत्र के लिए। हम पाप से आजाद हुए हैं। हम बंधनों से आजाद हैं। हम आदतों से आजाद हैं। हम धूम्रपान, शराब, मधपान से आजाद हुए हैं, क्योंकि परमेश्वर का एस–ओ–एन पुत्र कब्र में से जी उठा है, और सारी बेड़ियों को तोड़ डाला हैं। सारे दोष जा चुके है! कर्जे को चुका दिया गया है। जुर्माना भरा जा चूका है। पाप धुल चुके हैं, और हम आजाद हैं। ओह, हम आज़ाद हैं, लोगो! गुलामी? आज़ाद, जब परमेश्वर का पुत्र अपने पंखों में चंगाई के साथ ऊपर आता है!

86 किसी दिन वह सिंहासन पर से उठेगा, धरती पर वापस आएगा। और उसके बाद हम सारे कष्टों और सारे परीक्षाओ से आजाद हो जाएंगे, सारे नश्वर दर्द से और जो कुछ भी नश्वर जीवन के साथ होता है उससे आजाद हो जायेंगे, ताकि उसके साथ हमेशा के लिए रहे। हम आजाद हों जायेगे। "जाकर, बताओ," यही वो चीज है जो करना है।

87 बाइबल के समय में, एक जुबली का वर्ष आता था। जो लोग कर्ज के लिए बिक गए थे, जो उनका बकाया था, उन पर कर्जा बाकी था और वे उसे चुका न सके, सो उन्होंने जाकर और अपने आप को गुलाम होने के लिये लोगो को बेच डाला। और उन्हें उनका गुलाम होना था, उनका दास, उनके सारे जीवन भर के लिए। लेकिन, हर बार अक्सर, वहां एक अनुग्रह का दिन आता, जिसे जुबली के वर्ष के नाई जाना जाता था। और जब जुबली का वर्ष आता था, तब एक याजक बाहर निकलकर और एक तुरही को फूंकता। और वो तुरही हर गुलाम को संकेत देती थी, चाहे वह कितने लंबे समय से सेवा कर रहा हो और उसे कितने समय तक सेवा करना था, जब वो तुरही फूंकी जाती है, तो वह गुलाम आजाद हो जाता है। वह फावड़े को नीचे रखकर और अपने बच्चों के पास घर जा सकता था। उसे अब और काम नहीं करना होगा, क्योंकि जुबली बजने पर वह आजाद हुआ था। उस तुरही ने अनिश्चित आवाज़ नहीं दी, लेकिन उसने एक निश्चित आवाज़ दी है। और वह मनुष्य अपने उपकरण को नीचे रखकर, गुलामी से आजाद होकर घर जा सकता था।

88 आज सुबह, बाइबल ने कहा, "और यदि तुरही का शब्द साफ़ ना तो, तो कौन जानेगा कि क्या करना है?" यदि बाइबल ने प्रचार किया है कि यीशु मसीह मरे हुओं में से जी उठा है, वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है, और आज तुरहियां जो आज हम सुनते हैं वे कहती हैं, "अद्भुत कार्य के दिन बीत गए, दिव्य चंगाई जैसी कोई चीज नहीं है," कौन जानेगा कि खुद को कैसे तैयार किया जाए?

89 आज हमें क्या आवश्यकता है परमेश्वर की ओर से अभिषिक्त संदेशवाहको की! "वह मरे हुओं में से जी उठा है! वो कल, आज और युगानुयुग एक सा है!" यही आज के दिन का संदेश है।

90 ओह, बहुत से महान संदेश होते आए हैं, लेकिन ईस्टर उन सभी को ढांपता है! महान संदेश; ये सब ईस्टर था! जब मृत्यु... की तैयारी की गई थी कि अंतिम शत्रु... हमने पुराने नियम में बीमारी को चंगा होते देखा था। हमने पुराने नियम में किए गए अद्भुत कार्यो को देखा था। वहां पुराने नियम में दर्शन आए थे। लेकिन हर एक मनुष्य सीधे कब्र में चला गया, यह सोचकर कि वह फिर से कभी तो जी उठेगा। लेकिन ईस्टर की सुबह, जब इन चेलो को सबसे बड़ा संदेश मिला जो अब तक किसी भी मनुष्य को मिल सकता

है, उन्हें कौन सा सन्देश मिला? "जाकर, मेरे चेलों को बताओ, मैं मरे हुओं में से जी उठा हूं!" मृत्यु को जीत लिया गया था!

91 धरती पर कभी भी कोई नहीं था, ना कोई भविष्यद्वक्ता, ना कोई महान व्यक्ति, ना ही कोई भी संत कभी भी विजय प्राप्त कर सका... वे परमेश्वर की आत्मा के द्वारा बीमारी पर जय पा सके थे। वे परमेश्वर के आत्मा के द्वारा समय को जीत सके थे, और आने वाली चीजों को पहले से देख सके थे। वे उस पर जय प्राप्त कर सके थे। लेकिन वहां कभी भी एक अभिषेकित मनुष्य नहीं था जो परमेश्वर की ओर से ऐसे अभिषेक के साथ हो, जो इस बयान या कथन को कर सके, "मैं अपने जीवन को दे सकता हूं, मैं इसे फिर से उठाऊंगा। इस देह को गिरा दो, मैं इसे तीसरे दिन जिला उठाऊंगा।" वहां कोई ऐसा मनुष्य नहीं था जो ऐसा बयान दे सके। और ये उनके मन में बात चल रही थी कि क्या यह सच होगा या नहीं।

92 लेकिन ईस्टर की सुबह पर उन्हें एक संदेश मिला, "सारे जगत में जाकर, हर एक सृष्टी को सुसमाचार प्रचार करो। मैं मरे हुओं में से जी उठा हूँ। देखो, मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं, यहां तक कि संसार के अंत तक। वह जो विश्वास करता है और बपतिस्मा लेता है वह बच जाएगा, जो विश्वास नहीं करता वह नाश हो जायेगा। और विश्वास करनेवालों के पीछे ये चिन्ह जायेंगे: मेरे नाम से वे दुष्टात्माओं को निकालेंगे; वे नई–नई भाषाएं बोलेंगे; यदि वे सांपों को भी उठा लें, या घातक वस्तुएं पी जाये, तो उस से उनकी हानि न होगी; यदि वे बीमारों पर अपने हाथ को रखेगे, तो वे चंगे हो जायेंगे।" *ईस्टर का संदेश*, यह वहां पर सबसे उत्कृष्ट संदेशों में से एक है। मृत्यु को जीत लिया गया था!

93 हम एक जय पाने वाले के बारे में सोचते हैं। नेपोलियन ने तैंतीस वर्ष की उम्र में संसार को जीत लिया था। उसने संसार को जीत लिया, उसने वहां के हर देश को पछाड़ दिया, जिसे पछाडा जाना था। और वह बहुत ही निराश था क्योंकि वहां लड़ने के लिए और कोई नहीं था, वह बैठ कर रोने लगा। लड़ने के लिए कोई और नहीं था, लेकिन उसने लड़ाई के नियमों को अनुचित तरीके से चला। उसकी सेना के पीछे–पीछे हज़ारों वेश्याएं चलीं, वह बंदूक और तलवार को लेकर निकला। तैंतीस वर्ष की उम्र में उसने संसार को जीत लिया था। लेकिन वह एक समय एक शराब का विरोध करने वाला था, और अत्यधिक शराब पीकर नशे में मर गया, क्योंकि

उसने लड़ाई के नियमों को अनुचित तरीके से चला था। वह संदेश को भूल गया था। वह जीत गया था, लेकिन वह संदेश को भूल गया था। वो गया, लेकिन वह भूल गया कि वह किस लिए जा रहा था।

94 छोटे लड़के की तरह जिसने दौड़ को दौड़ा, जैसे आज कलीसिया दौड़ रही है, जैसे लोग जो दौड़ रहे हैं, जैसे राष्ट्र दौड़ रहा है! हमारा सहारा परमाणु बम नहीं है, हमारा सहारा यीशु मसीह और उसका पुनरुत्थान है।

95 नेपोलियन मुख्य बात को भूल गया था। उसे क्या हुआ? वह पूरी तरह से पराजित होकर मर गया, एक शराबी मतवाला। क्यों? उसने लड़ाई को सही तरह से नहीं लड़ा, भले ही उसने शारीरिक रूप से संसार को जीत लिया था। उसने एक सेना तैयार की थी। वो एक प्रतिभाशाली सैन्य था, उसने हर एक देश को कब्ज़ा किया और चीजो को किया (कि वो) जो उसके जैसा कोई भी दूसरा मनुष्य न कभी कर सकता था और न ही कभी भी उसके जैसा किया था, लेकिन वह भूल गया था कि सच्चा संदेश क्या था। उसने इसे अधिकार में ले लिया था, और अपनी सैन्य शक्ति को प्राप्त किया था, लेकिन वह प्रभु की शक्ति को भूल गया था।

96 प्रभु की शक्ति हमारी ढांढस है। हमारे पास और कोई शक्ति नहीं है। मेरा कोई और सहारा नहीं, कोई नहीं! परमेश्वर दया करे! मेरे जीवन को ले लीजिये, लेकिन मैं कभी भी इस बात को ना भूलूं कि मेरी शक्ति कहां से आती है। यह प्रभु की ओर से आती है! मैं संसार की अच्छी चीजों को नहीं चाहता हूँ। मैं यीशु को चाहता हूँ, मैं उसके पुनरुत्थान को मेरे जीवन में जलता हुआ चाहता हूं।

97 वह तैंतीस वर्ष की उम्र में यीशु मसीह से कितना अलग था! तैंतीस वर्ष की उम्र में, यीशु के पास उसका सब कुछ था; उसने संसार को बनाया। और वह संसार में था, और संसार ने उसे नहीं जाना। उसने कभी भी खुद की कोई प्रसिद्धि नहीं बनाई। उसने कभी भी कोई सैन्य मनुष्य इकट्ठा नहीं किये। उसने कभी भी किसी कलीसिया को संगठित नहीं किया। उसने कभी भी अपने लिए कोई बड़ा नाम नहीं किया। वह कभी भी सिद्धांत, धर्मज्ञान, और इत्यादि की किसी भी डिंग मारने की डिग्री के साथ आगे नहीं आया, उसका कभी भी धर्मज्ञान के किसी भी स्कूल में जाने का कोई लेखा–जोखा नहीं था। लेकिन उसके पास परमेश्वर था। उसके पास परमेश्वर था। और तैंतीस वर्ष की उम्र में, उसने हर एक उस शैतान पर जय पायी थी

जिसने अपने सिर को अधोलोक से बाहर निकाला था। उसने बीमारी पर जय पायी। उसने अंधविश्वासों पर जय पायी। उसने शैतानो पर जय पायी। उसने मृत्यु पर जय पायी थी। और जब वो क्रूस पर मरा, तो वह अधोलोक के अथाह गड्ढों में उतरा, और अधोलोक पर जय पायी।

98 और ईस्टर की सुबह उसने कब्र पर जय को पा लिया। क्यों? उसने संदेश के साथ दौड़ते हुए लड़ाई के नियमों को सही रीति से लड़ा। वो लड़ा था, वह चला गया! "जाओ।" परमेश्वर ने उसे भेजा, और उसके पास उन्हें बताने के लिए एक संदेश था। और उस संदेश के साथ जिसे परमेश्वर ने उसे दिया, उसने शैतान की सामर्थो पर जय को पाया। उसने बीमारी पर जय पायी। उसने मृत्यु पर जय पायी। उसने अधोलोक पर जय पायी। उसने कब्र पर जय पायी। क्यों? वह गया! "जाकर, बताओ!" "मैं हमेशा वही करता हूं जो मेरा पिता मुझे करने के लिए दिखाता हैं। मैं कुछ नहीं करता, लेकिन जो वो मुझे करने के लिए बताता है।"

99 फिर उसके मरने से पहले उसने यह कहा, "जैसे पिता ने मुझे भेजा, वैसे ही मैं तुम्हें भेजता हूं।" ना ही सैन्य शक्ति के द्वारा पुरुषों को तैयार करना; ना ही अपना सारा समय इस बात में लगाते हुए कि राष्ट्रपति कौन बनेगा। यह हो सकता है महत्वपूर्ण बात हो, लेकिन *इसमें* यह महत्वपूर्ण नहीं है। संसार खत्म हो गया है। हमारे पास एक संदेश है, वह है, यीशु मसीह मरे हुओ में से जी उठा, और वो कल, आज और युगानयुग एक सा है।

100 कल, एक छोटे से कोर्ट के कमरे में, वे मुझसे कुछ ऐसा बुलवाने की कोशिश कर रहे थे जो सही नहीं था। मैंने कहा, "मैं धोखेबाज नहीं हूं।" मैंने कहा, "मैं—मैं—मैं ईमानदार हूं। और आप और कुछ नहीं कह सकते है लेकिन वही जो सच है।"

101 और कोई एक व्यक्ति मेरे साथ था, कहा, "यदि कोई मनुष्य मुझसे इस तरह बात करता, तो मुझे उस पर एक किताब को फेंकने का मन करता।"

102 मैंने कहा, "नहीं महाशय। नहीं, यह सही नहीं है। यह इसे सुलझाने का तरीका नहीं है। ये ठीक नहीं है।"

103 उसने कहा, "अच्छा, आप क्यों नहीं जानते ये चीजें ऐसे चल रही हैं? आप ऐसा क्यों नहीं करते हैं? "

मैंने कहा, "मैं अपना समय यीशु मसीह की सेवा करने में व्यतीत करता हूँ।"

104 हे परमेश्वर, ओह, लोग अंधे हैं और इसे नहीं देख सकते हैं! "जैसे पिता ने मुझे भेजा है," उसे पिता ने भेजा, वह गया। उसके पास लोगों को बताने के लिए एक संदेश था। और मृत्यु की घड़ी में, उसने मृत्यु पर जय को पाया और उसने अधोलोक पर जय पायी, और उसने कब्र पर जय पायी। "जैसे पिता ने मुझे सन्देश के साथ भेजा है, वैसे ही मैं तुम्हें सन्देश के साथ भेजता हूँ; ना ही कलीसियाये, संगठनाओ को बनाने के लिए, लेकिन पूरे जगत में जाकर और पवित्र आत्मा की सामर्थ का प्रमाण दो। ये चिन्ह उनके पीछे जायेंगे जो विश्वास करते हैं; मेरे नाम से वे दुष्टात्माओं को निकालेंगे, नई–नई भाषा में बोलेंगे, और सांपों को उठा लेंगे।" और जैसे हमारे शरीर कब्र में जाते हैं, जैसे उसने किया, उसने मृत्यु, अधोलोक और कब्र दोनों पर जय को पाया। वो पराक्रमी जय पाने वाला है।

105 वह हमें उसके संदेश के साथ भेजता है। आओ संदेश के साथ आगे बढें, कुछ तो बात को बताने के लिए आगे बढें। "जाकर, बताओ!" दौड़े नहीं और फिर बता न सकेगे, आइए पहले इसे हमारे ह्रदय में उतारें।

106 आज सुबह जब आप प्रार्थना करने के लिए ऊपर आते है, तो अव्यवस्थित तरीके से न आएं। अपने ह्रदय में संदेश को साथ लेकर आये, "मैं वो हूं जो मर गया था, और फिर से जीवित हुआ हूँ। मैं ही वो हूं जो संदेश को देता है, 'विश्वास करनेवालों के पीछे–पीछे ये चिन्ह जायेंगे।'" यदि सर्वशक्तिमान परमेश्वर एक—एक छोटे से तिरछी आंख के बालक को ले सकता है और उसकी दृष्टि को वापस सामान्य कर सकता है; परमेश्वर एक बालक को ले सकता है, एक बालक जन्मा, अपने जीवन में कभी भी नहीं देखा, और सोलह वर्ष का होने पर, तो उस की आंख की रोशनी उसे वापस लौटाता है; परमेश्वर दयनीय अभागे एक कैंसर से ग्रस्त व्यक्ति को ले सकता हैं...

107 और क्योंकि सन्देश सही है, क्योंकि परमेश्वर ने सन्देश को भेजा है, क्योंकि परमेश्वर ने सन्देशवाहक को भेजा है, इसमें कोई संदेह नहीं कि अधोलोक की हर बंदूक उस पर गोली दाग रही होगी। यह सही है, वह ठोकर खाकर और गिरेगा, और उठेगा और अपने सिर को हिलाएगा, और आगे बढेगा। हमें एक संदेश मिला है, कोई भी इसे नहीं रोकेगा! हाल्लेलुय्या! "इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया को बांधूंगा, और अधोलोक के फाटक इसके विरुद्ध कभी भी प्रबल नहीं होंगे।" वे कह सकते हैं वे जो भी चाहते हैं,

वे जो भी करना चाहते हैं, शैतान क्रोधित हो सकता है और चिल्ला सकता है। लेकिन यीशु मरे हुओं में से जी उठा, वो आज हम में रहता है!

108 कुछ दिनों पहले, बड़े डॉक्टर लम्सा से बात कर रहा था, जिन्होंने अरामी भाषा से अंग्रेजी में बाइबिल का अनुवाद किया था। और मैंने वहां उस छोटे से चिन्ह को देखा, वहाँ पर परमेश्वर का चिन्ह था, जिसमें तीन छोटे बिंदु थे। मैंने कहा, "डॉक्टर लम्सा, यह क्या है? "

उसने कहा, "यह परमेश्वर है, तीन गुणों के साथ।"

109 और मैंने कहा, "आपका मतलब है, परमेश्वर तीन कार्यालयों में रहता है, जैसे, पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा? "

110 वो उठ खड़ा हुआ और मेरी ओर देखा, उस यहूदी की आंखों में आंसू आ गए, उसने कहा, "क्या आप ऐसा विश्वास करते हैं, भाई ब्रंहम? "

मैंने कहा, "पूरी तरह से यही मेरे ह्रदय में है।"

111 उसने मेरे चारों ओर हाथ को डाला, और कहा, "मैंने सोचा जब मैंने देखा कि वहाँ बड़ी–बड़ी चीजे आगे होती जा रही हैं, और वे चिन्ह जो आप कर रहे थे।" कहा कि, "उन्होंने मुझे बताया कि आप एक भविष्यव्यक्ता है। मैंने इसे अब तक विश्वास नहीं किया। अब मैं समझता हूँ कि आप हो।" उसने कहा, "ऐसा ही है! यही संदेश है। यही वो चीज है जो परमेश्वर के राज्य को हिला देगा।" जी हां। उसने कहा, "किसी दिन तो आप इसके लिए मरोगे, भाई।" कहा, "तुम अपनी गवाही को उसी बात से मोहर लगाओगे।"

112 हमारे पास एक सबसे महान व्यक्ति है, जब आइजनहावर और संसार के महान पुरुष, हॉलीवुड, सभी प्रकार के फिल्मी सितारे और हर एक जन उसे बुला रहे थे, लेकिन वो ठीक वहां सभा में बना रहा। उसने कहा, "मैं लगभग तीस वर्ष से इस अनुवाद को करता आ रहा हूँ, ना वेटिकन ग्रीक से, लेकिन अरामी से अनुवाद कर रहा हूं; सीधे ठीक उसी से, अरामी से, अंग्रेजी में।" और उसने कहा, "मैंने सारा समय बिताया है," उसने कहा, "मैं अभी–अभी उस स्थान पर पहुँचा हूँ जहाँ मैं बाइबल के परमेश्वर को चलते–फिरते हुए देखता हूँ।" उसने कहा, "आप जानते हैं, भाई ब्रंहम, हम चिन्ह और अद्भुत कामो को देख सकते हैं, लेकिन हम देखते हैं कि चिन्ह की आवाज क्या है। हम यहूदी, हम एक चिन्ह को देखते हैं, लेकिन हम चिन्ह की आवाज को देखते हैं।"

113 ओह, हाल्लेलुय्या! चिन्ह की आवाज! परमेश्वर ने मूसा को बताया, “यदि वे आवाज को नहीं सुनेंगे, पहले चिन्ह की आवाज, उसके बाद वे दूसरे चिन्ह की आवाज को सुनेंगे।” ना ही इतना अधिक चिन्ह, लेकिन इसके साथ आवाज चली गई।

114 देखो, वो यहूदी, वह जानता था कि वह किस बारे में बात कर रहा है। उसने कहा, “मैंने विचारो को परखना देखा है, मैंने चिन्ह देखे हैं, चमत्कार देखे हैं, अंधो को ठीक होते हुए देखा है, और सभी प्रकार के विभिन्न चिन्हों को, लेकिन मैंने सोचा, लेकिन अब मैं इसके पीछे की आवाज को देखता हूँ परमेश्वर को तीन भागों में नहीं काटेगा, और कहते हुए, ‘वो एक परमेश्वर है, पिता और अगला, पुत्र, … ’ वह कहता है, ‘परमेश्वर, परमेश्वर है: परमेश्वर के तीन गुण; परमेश्वर के तीन कार्य स्थान।’” कहा, “यही इसकी पुष्टि करता है।”

115 ओह, भाई, हमारे पास एक संदेश है! “जाकर, मेरे चेलों को बताओ! मैं वो *एक* नहीं जो मरा था, और *दूसरा* एक जो मरने के निकट है, और एक *दूसरा* जो जीवित है। मैं वो हूं जो था, जो है, और आने वाला है; दाऊद का मूल और वंश; चमकदार और भोर का तारा।” जी हां!

116 यदि आपके पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है तो जाने से क्या फायदा होगा? बताने के लिए कुछ तो होना है, यह सही है: “यीशु मसीह, परमेश्वर का पुत्र, आप सभी से प्रेम करता हैं। वो आप सभी के लिए मरा। परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह से प्रेम करे।”

117 कितने लोग कभी उन सभाओं में रहे हैं, और उसके महान चिन्हों और अद्भुत कामो को देखते है जो उसकी—उसकी उपस्थिती के है, कि वह कैसे विचारो को जांचता है और दिखाता है, और इत्यादि? यही स्वर्ग का परमेश्वर है, जो मरे हुओं में से जी उठा है।

118 आपको इसके इब्रानी चिन्ह के चिन्ह को देखना चाहिए। यह एक उजियाला है, जैसे एक अग्नि का स्तंभ, और इसमें तीन छोटे निशान हैं, पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा, जो कि तीन व्यक्ति नहीं थे। यह तीन कार्यस्थानो में रहने वाला एक परमेश्वर था। वही परमेश्वर! हाल्लेलुय्या! परमेश्वर आपके ऊपर, परमेश्वर आपके साथ, परमेश्वर आप में। ये वही है अपने आप को स्तर से नीचा कर रहा है, अपने कलीसिया को साफ करते हुए है, जिससे कि वो रह सके। जब आप उसके टुकड़े-टुकड़े करते

हैं, और एक को *यहाँ* रखते है, और एक को *यहाँ* पर, एक को *वहाँ* रखते हैं, तो यह मूर्तिपूजा या पागान है जैसा कि यह हो सकता है।

119 मैं यीशु मसीह के पुनरुत्थान पर विश्वास करता हूँ, जो मरे हुओं में से जी उठा। और वह अकेला ऐसा पुरुष था जो कह सकता था, "स्वर्ग और धरती की सारी सामर्थ मेरे हाथ में दी गई हैं। स्वर्ग और धरती की सारी सामर्थ मेरे हाथ में दी गई हैं। तुम सारे जगत में जाकर, और हर एक सृष्टी को सुसमाचार प्रचार करो।" सुसमाचार ना ही केवल शब्दों में आया, लेकिन पवित्र आत्मा की सामर्थ और प्रमाण में से होते हुए आया। परमेश्वर आपको इसका विश्वास करने में सहायता करे, परमेश्वर मुझे इसका विश्वास करने में सहायता करें, और हम किसी दिन यीशु को देखेंगे।

जब जीवन के कठिन परिश्रम समाप्त हो जाते हैं,
हम अंत में यीशु को देखेंगे;
उसके सुंदर सिंहासन पर,
वो मेरा घर में स्वागत करेगा,
दिन बीत जाने के बाद। (ये सही है।)

पैरों के निशान में रेत धुल गई है
गलील के तट से उस अजनबी की।

120 उन्होंने उसे मार डाला क्योंकि उसने अपने आप को परमेश्वर बनाया, और वो परमेश्वर था। उन्होंने उसे लटका दिया, क्योंकि वह मृत्युदंड के तहत मर गया। यही वो कारण है कि मैं मृत्युदंड में विश्वास नहीं करता। यीशु उस—उस मृत्युदंड के तहत मरा जो रोम की संयुक्त सरकार की सजा थी। वो मृत्यु का दंड, सूली पर लटकाना होता था। वह मृत्युदंड के तहत मर गया, उसके कपड़े उतार दिए गए, और वहां लटका दिया, उसे लज्जित किया, और वह उसी अवस्था में मरा। लेकिन परमेश्वर ने उसे तीसरे दिन पर जिलाया!

121 और हम उसके गवाह हैं। और यदि हम उसके लिए खड़े नहीं होते है, तो उसके लिए कौन खड़ा होगा?

122 एक दिन एक मनुष्य ने मुझसे भेंट की, उसने कहा, "ओह, भाई ब्रंहम, आप इसे ना बताये। आप बताना छोड़ दे। आप—आप महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाते है, उनके बालो को छोटा करने के विषय में,

और उनके *ऐसा* करने के विषय में और *वैसा* करने के विषय में, और इसी तरह इत्यादि।"

123 मैंने कहा, "यदि मैं उन्हें नहीं बताऊंगा, तो उन्हें कौन बताएगा? इसे बताने वाला कौन है? "

कहा, "तो, आप उन प्रचारकों को गुस्सा दिलाते हैं।"

124 मैं चाहता हूँ कि वे मुझ पर गुस्सा हों, बजाये उस पर गुस्सा होने के। यही सच्चाई है। ये सही बात है! [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] ठीक है। इसे बताने वाला कौन है? किसी को तो बताना ही होगा।

125 यीशु ने कहा, "जाकर, बताओ। जाकर और बताओ, मेरे चेलों को जाकर बताओ कि मैं मरे हुओं में से जी उठा हूं। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] देखो, मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूँ, यहाँ तक जगत के अन्त तक।"

126 क्या आप यह विश्वास करते हैं, दोस्तों?

आइए हम प्रार्थना करें, जैसे हम अब प्रार्थना के लिए अपने सिरो को झुकाते हैं।

127 हे पिता परमेश्वर! सच में, "जाकर, बताओ। जाकर, मेरे चेलों को बताओ कि मैं मरे हुओं में से जी उठा हूँ।" और पिता परमेश्वर, ना ही केवल आपने अपने चेलों को बताया, लेकिन आपने उनको प्रमाणित किया, कि आप मरे हुओं में से जी उठे थे। आपने उनके साथ अपने आप को दिखाया, और आपने बिल्कुल ठीक वैसा ही किया जैसा आपने मरने से पहले किया था। उन्नीस सौ वर्ष आकर और चले गए, प्रभु, संदेश अभी भी जल रहा है। यह आज भी हमारे ह्रदय में उतना ही प्रकाशमान है और जल रहा है जितना कि ये उन चेलो में था, क्योंकि हम उस जी उठे प्रभु को ठीक अपने बीच में देखते हैं, उन्ही कामो के करते हुए जो उसने पहले किए थे। हम जानते हैं कि वो मरे हुओं में से जी उठा है।

128 ईस्टर हमारे लिए बहुत अधिक मायने रखता है, क्योंकि हम इसमें जुड़ गए है और उसके पुनरुत्थान की संगति में आनंद मना रहे हैं। क्योंकि हम एक समय पाप में और अपराधो में मरे हुए थे, उस उड़ाऊ पुत्र की नाईं, लेकिन अब हमने अनुग्रह को पाया है, और परमेश्वर ने हमारे पापों को क्षमा किया है। वो हमें भी मोहर को करता है, जैसे उसने पिता अब्राहम को किया, ये पुष्टि करने के लिए कि उसने हमें स्वीकार कर लिया है। पिता अब्राहम

ने कहा कि उसने परमेश्वर पर विश्वास किया, लेकिन वो उसे खतने की मोहर देता है, एक पुष्टि की नाई कि उसने उस पर विश्वास किया है। और अब, पिता, आज हमारा पवित्र आत्मा के द्वारा खतना हुआ है, संसार की सारी चीजें जा चुकी हैं। हमारा एक ही उद्देश्य है: आपकी सेवा करे। हमारी एक ही इच्छा है: आपसे प्रेम करे, आपके चेले बने।

129 और अब, प्रभु, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप हर एक हृदय के लिए इस छोटे से समाप्त हुए संदेश की पुष्टि करेंगे। वे इससे चुकने न पाए। वे देखने दो कि आप कल, आज और युगानुयुग एक से है, कि आप यहाँ पर है, मरे हुओं में से जी उठे है, और तब तक रहेगे जब तक वो—वो आत्मा और शरीर फिर से दूसरे आगमन पर एक साथ नहीं जुड़ते है।

130 मैं बीमारो के लिए प्रार्थना करता हूँ जो आज की सुबह यहाँ पर है, पिता। मैं अब, इस ईस्टर की सुबह पर, एक तरफ रखा है (या, एक तरफ नहीं रखा है, लेकिन बस कुछ समय के लिए रखा है) वो दान जिसे आपने मुझे दिए हैं, जैसे कि विचारो को परखना। संसार में, मैं सारे राष्ट्रों में इधर–उधर जाता रहा हूं, प्रभु, वे सभी इसे जानते हैं। अब मैं प्रार्थना करता हूँ कि, जो सन्देश आपने मुझे यहाँ ऊपर जंगल में दिया, जो कुछ दिन पहले, कि, उस सृष्टी करने की सामर्थ पर जो आज सुबह इस कलीसिया में स्थापित करती है, वही लोग जिस पर इसकी सृष्टी की गयी थी, मैं प्रार्थना करता हूं, परमेश्वर जैसे कि मैं आज सुबह को बिमारो पर हाथ रखने के लिये आता हूँ, यहाँ मेरे भाइयों के साथ, कि आप आज सुबह को इस कलीसिया पर दया के साथ उतर आयेंगे, और आप लोगों को चंगा करेंगे, कि जब सभा समाप्त हो जाए तो हमारे बीच में एक भी कमजोर व्यक्ति नहीं होगा। होने पाए उनमें से हर एक आशीषित और स्वस्थ हो।

131 हमें इस बात को समझते है, प्रभु, ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके लिए हम स्वयं काम कर सके। यह तो साधारण से बच्चे जैसा भरोसा है, विश्वास करते हुए। हम चेलों को बीमारों को चंगा करने की सामर्थ दिए जाने के बाद देख सकते हैं, वे आगे गए और एक मिरगी के मरीज पर आकर पराजित हो गए थे; चीख रहे थे और चिल्ला रहे थे, हो सकता है, और ऊपर और नीचे कूद रहे हो, और कोशिश कर रहे थे कि वो शैतान छोड़ कर चला जाये। लेकिन जब वह यीशु के सामने आया, ओह, कितना अलग! उसने कहा, “तू दुष्ट आत्मा, उस में से बाहर आ जा।” क्या ही अंतर है! ओह,

वो जानता था कि वो एक प्रेरित नहीं था। वो तो स्वयं प्रभु था। और उस आत्मा ने लड़के को खींचकर जमीन पर पटक दिया। लेकिन यीशु ने कहा, “वो मरा नहीं है। बस उसे उठाकर और उसे कुछ भोजन दे दो।” दुष्ट आत्मा चली गई थी।

132 हे यीशु, तू जो परमेश्वर का पुत्र है, फिर से आ, अपने कलीसिया का स्वतंत्र रूप से अभिषेक कर, पूरी तरह से, सामर्थ से। होने पाए कि जीवित पुनरुत्थीत यीशु का आत्मा आज सुबह इस छोटी सी कलीसिया को पुनरुत्थान करे, एक नए विश्वास में, सामर्थ में, विश्वास की सामर्थ, जिससे कि हम हर एक विरोध करने वाले को लज्ञित करें। इसे प्रदान करे, प्रभु। इन सारे लोगों को आपको सौंपते है, ये मांगते है कि आप उन्हें आशीष दीजिये और उन्हें उनके प्राणों का उद्धार दीजिये, उनके देहो को चंगाई दीजिये, हमारे प्रभु यीशु मसीह के जरिये से।

133 और हमारे सिर को झुकाये हुए, मैं प्रश्न पूछने जा रहा हूँ। क्या यहाँ कोई है जो एक मसीही नहीं है, जो अब याद करवाना चाहता है, और कहे, “मेरे लिए प्रार्थना करे, भाई ब्रंहम”? वहां पर परमेश्वर आपको आशीष दे। कोई और है, “मैं एक मसीही नहीं हूं। मैंने यह खबर को सुना है कि यीशु मरे हुओं में से जी उठा, लेकिन वास्तव में मैं इसे नहीं जानता। वो मेरे हृदय में कभी नहीं जी उठा। मेरे पास कोई संतुष्टि नहीं है। मैं भी बीमार हूँ। मैं एक प्रार्थना पंक्ति में से होते हुए जाऊंगा, वापस आकर और दूसरे एक में से होते हुए जाऊंगा, वापस आकर और दूसरे में से होते हुए जाऊंगा। मैं कलीसिया से कलीसिया और एक स्थान से दूसरे स्थान जाऊंगा।” यह ऐसा नहीं है। यह तो उस पर विश्वास करना है। वो मरे हुओं में से जी उठा। इससे बात ख़त्म हो जाती है। कोई और है जो को हाथ उठाएगा? कहे... परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। कोई और है, “मैं विश्वास करना चाहता हूँ। मैं विश्वास करना चाहता हूँ”?

134 यहाँ कितने लोग बीमार हैं? अपने हाथ को उठाये, कहे, “मैं विश्वास करना चाहता हूँ। मैं आज सुबह संदेश को जानना चाहता हूं।” परमेश्वर आपको आशीष दे। यह अच्छी बात है। हाँ, परमेश्वर आपको आशीष दे, पुत्र। अच्छा है। तो ठीक है।

135 अब, टेडी, मैं चाहता हूं कि आप “*वो महान चिकित्सक,*” बजाये बस एक मिनट, यदि आप चाहे तो, “अब निकट है।” और जब आप ऐसा कर

रहे हों...

136 यह ठीक अभी कठिन है। दर्शन हर कहीं ईमारत में खुल रहे है, देखो। जी हाँ, मैं कोशिश कर रहा हूँ, मैं कोशिश कर रहा था इसे एक पुनरुत्थान होने दूं, थोड़ा सा और ऊपर, उस राख के ढेर से—से थोड़ा और ऊपर जिस पर मैं बैठा हूँ। मुझे थोड़ा और ज्यादा प्रकाशन चाहिए। मैं एक बात जानता हूं: जब तक मैं उस पहली सेवकाई को पकडे हुए था, दूसरी नहीं आएगी, वो नहीं आई। अब जब तक मैं दूसरे सेवकाई को थामे रहता हूँ, तीसरी नहीं आती है, देखो। मुझे ठीक बाहर कदम को उठाना है, बाहर आना है और विश्वास करना है, "परमेश्वर ने ऐसा कहा है!" कुछ दिन पहले...

137 अब आप सिर उठा सकते हैं यदि आप चाहे तो। मैंने आपके हाथ देखे है; परमेश्वर ने उन्हें देखा है।

138 मैं आपको एक छोटी सी कुछ तो बात बताना चाहता हूँ। भाई एड डौल्टन, मैं सोचता हूँ कि वो अभी दरवाजे पर आये है, अच्छा बैपटिस्ट भाई है, वो और उसकी पत्नी। भाई जेफ्रीस यहीं कहीं पर है। ओथेल जेफ्रीज़। और वह यहाँ पर है, मैं जानता हूँ कि वो यहीं कहीं पर है। हालाँकि, उन भाइयों ने मेरे लिए वहां केंटकी में जाने के लिए एक सभा को रखा था। वे भाई, बहुमूल्य भाई, उनके पड़ोस और अपने लोगों से प्रेम करते हैं। उन्होंने सभागार और शस्त्रागार भवन और इत्यादि को लिया, केवल एक रात की सभा करने के लिए, उन्होंने शस्त्रागार भवन को किराए पर लिया था। छोटा जे. टी. हूवर, कभी जो उसका... एल. जी. हूवर ने एलिजाबेथटाउन में वहां पर एक का गठन किया था। और विलो शेड या—या सोमरसेट, सोमरसेट पर भाई एड डॉल्टन ने। और भाई, दूसरा भाई जो ग्लासगो के आसपास ही था, जहां मेरा जन्म हुआ था। वहाँ के लोग जहाँ मेरा जन्म हुआ और पला–बढ़ा था, जहाँ पहली बार प्रभु का दूत मुझे दिखाई दिया।

139 और मैं वापस जाना चाहता था। लेकिन मैंने थोडे इशारे को महसूस हुआ। और मैंने कहा, "तो ठीक है, भाइयों के कारण, मैं सभा को रखूँगा।" जैसे ही मैं इस घाटी में पहुँचा, मेरा गला वहां पर बंद हो गया और मैंने नौ दिनों तक बात नहीं की, जब तक कि सभाये पूरी नहीं हो गयी।

140 भाई रुडेल, हो सकता है वो भी आज सुबह यहां पर हो, जो इस आराधनालय के भाइयों में से एक है, वो और जूनी जैक्सन और वे लोग, मुझे उसके लिए एक सभा को करना था। और तुरंत ही, मेरा गला बंद

हो गया। और पहली बात जो आप जानते हैं, मुझे लगभग एक सौ पांच तापमान बुखार हो गया। और मैं पहले सभाओ में जा रहा था, और—और डॉक्टर शोएन ने मुझसे कहा... मैंने कहा, "मेरा गला कर्कश या ख़राब हो गया है।"

141 उसने कहा, "मैं आपको उन कंठ नली को आराम देने के लिए कुछ दूंगा, और आप आगे बढ़कर और प्रचार करें।" और मैंने कुछ तो और लिया जो उसने मुझे दिया था, और, ये क्या था, इसने उस साइनस या छेद को नीचे दबा दिया और इसे बंद कर दिया। उसके बाद मैं नौ दिनों तक बिस्तर पर पड़ा रहा, बस तेज जलते हुए बुखार के साथ।

142 यहाँ मेरे बहुत से भाई मेरे पास आये, बहुत से प्रसिद्ध भाई लोगो ने आकर मेरे लिए प्रार्थना की। यहाँ भाई ग्राहम स्नेलिंग आये, यहाँ भाई रुडेल आये, ये सारे यहाँ भाई लोग आये, वे सब इकट्ठा हुए, प्रार्थना की और इत्यादि सारी चीजे। मैं प्रार्थना कर रहा था, अपनी पूरी कोशिश कर रहा था, यहां तक फुसफुसा भी नहीं पा रहा था। मैं सोचने लगा, "ऐसा सब किसके विषय में है? " मेरी प्रिय छोटी पत्नी वहाँ बैठी हुई है, वो और वे लोग मेरे लिए प्रार्थना कर रहे थे, बस ये वैसे ही बना हुआ था जैसे ये था। वे समझ नहीं पा रहे थे।

143 अब, उसने मुझे लेने के लिए कुछ दवा को दिया, लेकिन मैंने इसे नहीं लिया, क्योंकि यह नशीली दवा थी। और फिर मैंने इसे ऐसे ही छोड़ दिया। और मैं बस यही सोचता रहा, "प्रभु, अवश्य ही!"

144 और उसके बाद, सभाये समाप्त होने के बाद, सोमवार के दिन (जो कि आखिरी सभा थी, जो शनिवार को होनी थी) और तब (मैं विश्वास करता हूँ), और फिर, सोमवार को मैंने उठने की कोशिश की थी। मैं बहुत ही कमजोर हो गया था कि कमरे में नहीं जा पा रहा था। मैं नीचे बैठ गया।

145 आप जानते होंगे, मैं परमेश्वर को परमेश्वर के द्वारा दी गयी पत्नी के लिए बहुत धन्यवादित हूं। क्या आप नहीं है, भाइयों? एक सच्ची पत्नी, एक सच्ची सहयोगी!

146 मैं नीचे बैठ गया। मैंने उसे इशारा किया, और उसे अपने पास बैठाया। और मैंने कहा, "मेडा, मैं कभी-कभी सोचता हूँ, " मैंने कहा, "मैं सोचता हूँ, क्या मामला है।" मैंने कहा, "वे सभाये वहां पर क्यों हुई, और परमेश्वर

ने मुझे इस तरह से लेटा दिया? ” मैंने कहा, “ऐसा क्यों था? ” और मैंने कहा, “कभी–कभी मैं सोचता हूँ कि क्या उसने मुझे बुलाया भी है।”

147 उसने कहा, “क्या आपको खुद पर लज्ञा नहीं आती? ” देखा? और उसने मुझे बताया, कहा, “बिल, क्या आप नहीं जानते कि परमेश्वर जानता है कि वो आपके साथ क्या कर रहा है? बस, केवल चुप रहे।”

148 और सो मैं अंदर चला गया। उस तरह से मुझे थोडा डांटा, आप समझते होंगे। और सो मैं अंदर चला गया और बिस्तर पर लेट गया। वह चादर बदलने के लिए अंदर आई। और उसने उसके हाथो में उन—उन चीजो को लिया, और जब वह बाहर निकलने लगी, तो मैंने देखा, और वहाँ एक...

149 मैंने देखा एक–... एक बडी शस्त्रागार ईमारत, कि सूर्य वहां ऊपर पर नीचे चमक उठा और धरती पर बरस पड़ा, इसके टुकड़े–टुकड़े कर दिए, सूर्य आकाश से नीचे चमक रहा था। और वहां तीन स्त्रियां और एक पुरूष आते है, ऊपर आते है। और वे जैसे बहुत ही छोटे से, जैसे छोटे से... जैसे किसी प्रकार की छोटी गोली चलाने वाली बंदूकें हो। और उसने कहा, “जो किलो को ठोकते है।” और कहा, “हम... आप इन टुकड़ों को पकड़ कर रखें, भाई ब्रंहम, और हम आपके लिए इस शस्त्रागार भवन का वापस निर्माण करेंगे।”

और मैंने कहा, “तो ठीक है, मैं ऐसा करूँगा।”

150 लेकिन किसी ने कहा, “ऐसा मत करना।” तो ठीक है, मैं एक टुकड़ा लेने के लिए नीचे झुका, *इस* तरह से, ताकि इसे *इस* तरह से बनाया जाए। और तभी एक आवाज़ ने मुझ से बात की, और कहा, “अब वे रास्ते पर है ताकि तुम्हे लेकर वापस जाए। तुम इसका विश्वास नहीं करना।” कहा, “वे हमेशा ही बहुत ईमानदार रहे हैं, और वे तुम्हारे पास **यहोवा यों कहता है** के साथ आ रहे हैं, लेकिन वे गलत हैं।” देखा?

151 फ्रे़ड सोथमैन, उनमें से बहुत से यहाँ है जब मैंने उन्हें इसके बारे में वहां पर बताया था। एक घंटे से भी कम समय में लोग गाड़ी चलाकर मेरे दरवाजे तक पहुंचे। मैंने कहा, “इनमें तीन महिला और एक पुरुष हैं।”

“यह बिल्कुल सही बात है।”

“वे **यहोवा यो कहता है** के साथ आये हैं? ”

“जी हाँ, महोदय, वे... ”

152 मैंने कहा, “अवश्य ही, आप जानते हैं कि उन्हें क्या बताना है।” पूरी तरह से गलत, देखो। अच्छे लोग है, लेकिन पूरी तरह से गलत। देखा?

153 तब मैंने सोचा, “अच्छा, मैं क्या कर सकता हूँ? मुझे क्या करना चाहिए? ” और फिर मेडा अंदर आकर, और वो पीछे चली गई थी। और भाई फ्रेडी ने जाकर लोगों को बताया। और फिर कुछ समय के बाद, मैं वहाँ बिस्तर पर—पर था, और मैंने सोचा, “यह इस तरह से क्यों हुआ है? मैं क्यों नहीं बोल सकता हूँ? मैं किसी से क्यों बात नहीं कर पा रहा हूँ, या ऐसा ही कुछ? ” और मैं वहीं पर लेटा हुआ था। और मेडा अंदर आकर, और कमरे से बाहर जा रही थी।

154 और मैंने देखा, और मैंने देखा कि कुछ तो इस ओर जगमगा रहा है। और मैंने देखा, और वहां ऐसा था... मेरी दिवार खुल गई, और मैंने यीशु को देखा। आप में से कितने लोगों ने कभी मुझे यह कहते सुना है कि मैंने अपने जीवन में दो बार यीशु को एक दर्शन में देखा है? और मैंने विश्वास किया कि मैं उसे अंत समय से पहले फिर से देखूंगा, देखो, उसे फिर से देखूंगा। अब, मैंने देखा, और ठीक वहां पर आकाश था, ऐसा दिखा जैसे मैंने दीवार के आर–पार देखा हो। और वहाँ बाइबल ठीक *इस* तरह से रखी हुई थी, बड़ी विशाल बाइबल आकाश में रखी हुई थी। तो ठीक है, बाइबल के चारों ओर कुछ तो उजियाला था, और बाइबल में से एक बहुत ही सुंदर सुनहरा क्रूस निकला। और ये *इस* प्रकार रुका रहा, और उसके चारों ओर से उजियाला आ रहा था, और उस क्रूस में से वो चलकर आया। बाइबल ने क्रूस को प्रतिबिंब किया, क्रूस ने उसे प्रतिबिंब किया। और वह चलते हुए बाहर आया, और सीधे नीचे चलकर आया जहां पर मैं था। मैं इसे बिल्कुल साफ़–साफ़ देख सकता था, मैं देख सकता था कि वहां पर स्थित क्रूस उसके बालों को प्रतिबिंब कर रहा था, उसके चेहरे के ऊपर बना हुआ था।

155 उसने मेरी ओर *इस* तरह नीचे देखा, और उसने मुझ से कहा, “तुम तुम्हारे लिए अपनी नयी सेवकाई के पुष्टि होने की प्रतीक्षा कर रहे हो।” उसने कहा, “मैंने इसे तुम्हारे लिए पहले से ही इसकी पुष्टि कर दी है। इसकी पहले ही पुष्टि हो चुकी है। तुम्हे इसे स्वीकार करना होगा।” समझे? और मैं खडे होकर और बस एक मिनट उसकी बात को सुनता रहा। और

यह मेरे दिमाग में आया। मैंने इसे नहीं सुना, यह तो मेरे दिमाग में ऐसे ही आया था।

156 जैसे कि एक मनुष्य जो वो उसके सारे जीवन भर पापी रहा है, और वह जानता है कि वहां एक बाइबल है, जानता है कि वहां एक परमेश्वर है, लेकिन अचानक वो एक उपदेश को सुनता है, फिर कोई तो उसे बताता है, "ये तुम हो।" फिर वही वचन जो हर समय पर वहां पर रहा था, फिर ये उसके लिए पक्का हो जाता है, तब वह कहता है, "प्रभु मुझे क्षमा करना।" लेकिन इससे कुछ भी फायदा नहीं होगा जब तक कि वह अपने उद्धार को स्वीकार नहीं कर लेता, उसके बाद वह बाहर जाता है और एक मसीही होता है। कोई फर्क नहीं पड़ता वह कितना भी रोए, कितना भी विनंती करे, उसे इसे स्वीकार करना ही होगा।

157 और तब उसने मुझ से कहा, "तुम्हे इसे उसी तरह से स्वीकार करना होगा। तुम्हे इसे विश्वास करना होगा।"

158 मैं हार से डरता हूँ। कुछ भी, मैं डरता हूँ कि मेरी बदनामी होगी। मैं हमेशा ही इससे डरता हूँ, देखते हुए, सोचता हूँ कि मैं गलत चीज़ को बता दूंगा। क्योंकि, मैंने बाइबल की चेतावनी को लिया है, कि कैसे मूसा को बड़ी सामर्थ दी गई थी, और उस ने चट्टान से बात करने के बजाये चट्टान पर प्रहार किया। मैं एलिय्याह को याद करता हूँ, क्योंकि वह गंजा हो गया था, वे छोटे बच्चे उसे गंजा होने पर चिढ़ा रहे थे; और उस ने उन बच्चों को शाप दिया, और उन में से बयालीस बच्चो को भालुओं ने मार डाला, देखो। और यह पवित्र आत्मा नहीं था, लेकिन ये तो वह भविष्यद्वक्ता था, जो क्रोधित हुआ था। और मैं—मैं उन सारी बातों से होकर गया हूं, उस बात पर आ रहा हूं।

159 और वहां पर वह खड़ा हुआ, मुझसे बातें कर रहा था। और उसने कहा, "लेकिन तुम बहुतों के साथ चलते हो।" उसने कहा, "मेरे साथ चलने के लिए, तुम्हे अकेले चलना है।"

160 तब मैंने देखा था, मैं संप्रदायों और हर एक के लिए बहुत ज्यादा सेवा करते आ रहा था, आप देखो, कोई तो आपको यह बताने की कोशिश कर रहा है कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। आपको उसका अनुसरण करना होगा। अब, उस दर्शन को याद करे जो उसने मुझे मछलियों के बारे में दिया था, आप जानते होंगे, और किस तरह से उस पेंटीकोस्टल छोटे

बच्चो को आप आलौकिक चिन्हों को नहीं सिखा सकते। आपको याद होगा। और वहां पर वो था। और मैं इस नए संदेश के ठीक किनारे पर हूं।

161 उसके बाद और कुछ नहीं दर्शन ने मुझे छोड़ दिया, मैंने कहा, "आमीन, प्रभु!" और मेरी पत्नी वहां खड़ी थी, लगभग बेसुध। और मैं बिस्तर से कूद पड़ा, मैं पहले की तरह अच्छे से बात कर सकता था। बस एक सेकेंड में, बुखार का हर एक अंश मुझे छोड़ कर चला गया।

162 मैंने डॉक्टर शोएन को फोन किया, मैंने कहा, "मैं चाहता हूं कि आप मुझे देखें।"

उसने कहा, "क्या? "

163 और मैं वहाँ पर आया, और उसने मेरी ओर देखा, उन साइनस या छेद में से होकर देखा, कहा, "मुझे बताये क्या बात हुई, भाई ब्रंहम।"

और मैंने कहा, "आप मेरी कहानी पर विश्वास करेंगे? "

उसने कहा, "मुझे भला कैसे इसमें संदेह हो सकता है? यह तो हुआ है।"

164 यही है, देखो। ऐसा ही है, मित्र। परमेश्वर जानता है कि तुम्हे राख के ढेर पर कैसे रोके रखना है। वो जानता है कि किस तरह तुम्हारे लिए कुछ तो करना है जब तक कि वो उस संदेश को तुम्हारे लिए नहीं पहुंचा देता, देखो, जिससे कि कुछ तो करो।

165 आज, मैं नहीं जानता कितनी अधिक हार है। ज्यादा समय नहीं हुआ मैं गया था, एक रेडियो प्रसारण को सुन रहा था। और वहां एक सेवक जो पहला कुरिन्थियों 15 से, पुनरुत्थान पर प्रचार कर रहा था। और वो पुनरुत्थान का प्रचार कर रहा था। और वह उसके उपदेश के बीच में ही रुक गया, और उसने कहा, "आप जानते होंगे, बहुत से लोग हार से डरते हैं।" उसने कहा, "जब जनरल पैटन ने सैनिकों के एक झुंड को खो दिया," कहा, "तब उन्होंने उससे कहा... उसने वापस भेजा, और वो कुछ और को चाहता था, और उन्होंने उसके पास कुछ और भेज दिये। उसने उन्हें मार डाला, और उसने कुछ और के लिए भेजा। और जब उसके पास वहां वो तीसरा झुण्ड आया," कहा, "हर बार एक गोली सनसनाते हुए निकलती है, वे एक टिन के नीचे भागते है, या किसी और चीज के नीचे भागते है, डरे हुए।"

166 उसने कहा, “मेरे पास पुरुषों को भेजो, ना ही छोटे बच्चों।” उसने कहा, “मुझे ऐसे पुरुष चाहिए जो मरने के लिए तैयार हों। मैं कोई ऐसे पुरुष नहीं चाहता हूँ जो मरने से डरते हो। वो कारण जिसके लिए हम लड़ रहे हैं यदि वो मरने के योग्य नहीं है, तब उन्हें मुझसे दूर रखो। मुझे पुरुष चाहिए।”

उन्होंने कहा, “लेकिन आप दो या तीन लड़ाइयाँ हार चुके हैं।”

167 उसने कहा, “मैं युद्ध को नहीं हारा हूं। मैंने बस एक लड़ाई को हारा है।” मेरे हृदय में किसी ने तो बात की।

168 मुझे याद है आइजनहावर ने कहा, “जब मैंने एक गोली चलाई, आदेश दिया और उन्होंने बंदूक में एक गोली भरी, उन्होंने इसे चलाया और यह एक असफल रहा, इसने काम नहीं किया,” कहा, “मैंने हार नहीं मानी और खुद को समर्पण नहीं किया। मैं एक गोली को चलाता और दूसरी गोली अंदर डालता, इसकी कोशिश करता रहा। यदि इसने काम नहीं किया, तो मैं एक और गोली को अंदर डालता, जब तक कि कोई एक गोली काम ना कर ले।”

169 इसी तरह से इसे किया जाना है। मैं नहीं जानता कि यह कैसा होगा। लेकिन परमेश्वर मेरे न्यायी के समान इस पुलपीट पर है, मैं नहीं जानता कि कितनी असफलता मिलती है और मैं कितनी—कितनी लड़ाइयाँ हारूँगा, लेकिन मैं युद्ध को नहीं हारूंगा। उसने मुझे बताया है कि वह मेरे साथ होगा। मैं खड़ा रहूंगा जब तक मैं इस सेवकाई को पुष्टि होते नहीं देख लेता और इसे कार्यवंत होते हुए नहीं देख लेता हूं। मैं आज सुबह परमेश्वर के अनुग्रह से आरंभ करूंगा। मैं नहीं जानता कि यह यहां काम करेगा या नहीं, यह कहीं और काम करेगा या नहीं, यह कैसे काम करेगा या क्या बात जगह लेगी। लेकिन मैं ठीक वहां पर प्रार्थना की पंक्तियों में चलूँगा, बीमारों के लिए प्रार्थना करते हुए, जब तक मैं जान नहीं जाता कि क्या हो रहा है। मैंने इसे दो या तीन बार होते देखा है।

170 मैंने इसे हैटी के घर में होते देखा है। कितने लोगों ने कभी गिलहरियों के बारे में कहानी को सुना है, और उस लड़की, वो छोटी महिला के बारे में सुना है? सबसे पहला व्यक्ति जिसे हम जानते है, चेलों के दिनों से लेकर, जिसे कभी यह कहने का सौभाग्य मिला, “जो चाहो मांग लो,” जब आप वहां हों। क्या आपने कभी इस कहानी को सुना है? क्या आपने कभी महिला

को देखा है? कितने लोगों ने उसे कभी नहीं देखा है, और उस महिला को देखना चाहते हैं जिस पर यह घटित हुआ था? हम...

हैटी, क्या आप खडी होंगी? वहाँ वो महिला है।

171 जो अपने घर में खड़ी हुई थी। जब मैंने आठ गिलहरियों को देखा था, जो वहां पर पूरी तरह से कहीं भी नहीं थी, और, केवल शब्द को बोलो, और वे वहां पर खडी रहेंगी। यह सच है। यही, वे वहां पर थी। और मैंने कहा, "किस बात से वे गिलहरियां वहां आ गईं?" वो उसके मेज पर बैठी हुई थी। और उसकी माँ, बहन राइट, यहाँ पर भाई राइट है, वहाँ पर बैठे हुए थे। मेज पर वहां कितने लोग थे, उनमें से आज सुबह यहाँ कितने लोग हैं? अपने हाथ को ऊपर उठाएं। तो ठीक है, वहाँ हैं वे, सारे ईमारत में हर कहीं। देखा? तो ठीक है, वे वहाँ पर थे। और मैंने कहा, "किसी दिन... " उसकी छोटी अपंग बहन वहां पर बैठी थी।

172 मैंने कहा, "ये दर्शन के द्वारा आना था, इत्यादि, लेकिन किसी दिन यह भिन्न तरह से आएगा।" इस प्रकार से बता रहा था। अचानक ही, कुछ तो अभिषेक हुआ कि (इसे इन लोगों पर छोड़ दो), मैंने ऐसा अभिषेक कभी भी महसूस नहीं किया। क्यों? क्योंकि हैटी ने सही बात को कहा।

173 मैंने कहा, "वे गिलहरीयां कहाँ से आयी? वहाँ पर कुछ भी नहीं था, यहाँ तक उनके लिए जगह भी नहीं थी, बस जैसे ठीक वहाँ एक टेलीफोन के खंभे पर। और मैंने इसे लगातार आठ बार होते हुए देखा था।" और मैंने कहा, "मैं नहीं जानता कि यह कहाँ से आयी थी।" मैंने कहा, "केवल एक चीज जो मैं जानता हूं, कि परमेश्वर ने एक समय अब्राहम के लिए एक संदेश की पुष्टि करने का यत्न किया, और उसने बोलकर एक मेढ़े को अस्तित्व में लाया, क्योंकि उसे पुष्टि करने के लिए एक मेढ़े की आवश्यकता थी। ये अवश्य ही ऐसा रहा होगा कि मुझे अपने बोलने पर एक गिलहरी की आवश्यकता थी। और उसने इसे लगातार आठ बार किया, या लगातार सात बार, मेरा मतलब लगातार सात बार किया।" और मैंने कहा...

174 और, हैटी, हो सकता है यह नहीं जानती हो कि वो महिला क्या कह रही थी। देखो किस तरह से इसने धनी और अभिमानियों को दरकिनार किया या पीछे छोड़ दिया। देखो किस तरह से इसने हर एक दरकिनार किया या पीछे छोड़ दिया, और वहां एक देश की छोटी से निर्धन बूढ़ी महिला के पास आया।

175 और मेरी जेब में बीस डॉलर थे, उस महिला को देने के लिए, जो, उसने आने वाले इस नयी कलीसिया पर पचास डॉलर देने का संकल्प लिया था। और मैं उसे शर्मिंदा करने के लिए इसे नहीं कह रहा हूँ; वह वास्तव में पचास सेंट देने के लिए भी नहीं जुटा सकती थी। लेकिन, उसका हृदय संदेश में था, वो देना चाहती थी। भाई नेविल, मैं विश्वास करता हूँ, उन्होंने इसे स्वीकार किया था, बस इसके लिए उसे हम बीस डॉलर को देने देंगे, इसका बाकी का नहीं लेंगे। और मेरी जेब में दस डॉलर के दो नोट थे, मेडा ने मुझे किराने का सामान लेने के लिए दिया था, और मैंने कहा, "मैं इसे आज उसे वापस दे दूंगा।"

176 तब मैंने सोचा, किसी ने मुझसे बोला, कहा, "यीशु ने उस विधवा को उसके तीन सिक्के डालते हुए देखा, और उसने उसे इसे कभी भी वापस नहीं लिया।" उसने उसे देने दिया क्योंकि उसके पास आगे रास्ते पर कुछ तो बढकर रखा था।

177 मैं इतना ही जानता था कि वह मुझसे उसी तरह से बात कर रही थी, जैसे वो एक विधवा स्त्री, उसका कोई पति नहीं था। उसके पति की हत्या कर दी गई थी। ना ही मैं जानता था कि वही वो एक थी, जब मैंने कहा, "तब मैं बस बीस डॉलर को रखूंगा, तुम्हारे पास उसके लिए कुछ और है।"

178 मैंने कहा, "मैं केवल इतना जानता हूं, कि यहोवा अब भी यहोवा–यिरे है। वह एक बलिदान को प्रबंध करने में सक्षम है।"

